रजिस्टर्ड सं डी-222 REGISTERED NO D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 44] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 3, 1973/कार्तिक 12, 1895
No. 44] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 3, 1973/KARTIK A12, 1895

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).

मंत्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्तूबर, 1973

सा का नि 1181.—भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम 11 के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार, मणिपुर तथा त्रिपुरा के संयुक्त राज्य प्राधिकरण के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम 1954 में और आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात —

1 (1) इन नियमों का नाम भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) संशोधन नियम 1973 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम, 1954 के साथ संलग्न अनुसूची III में

(क) "क— राज्य सरकारों के अधीन भारतीय पुलिस सेवा में समय वेतन मान से अधिक वेतन मान पद" शीर्षक के अधीन सारणी में पहले कालम में उल्लिखित प्रविष्टि 'मणिपुर त्रिपुरा' तथा दूसरे तथा तीसरे कालम की तत्स्थानी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा —

राज्य	पदों का विवरण	वेतन
मणिपुर	पुलिस महा निरीक्षक	"रु० 2250 00 प्रति मास
	पुलिस उप-महानिरीक्षक आपरेशन तथा शस्त्र पुलिस	रु० 1600-100-2000
त्रिपुरा	पुलिस महानिरीक्षक	रु० 2250 00 प्रति मास
	पुलिस उप-महानिरीक्षक (मुख्यालय)	रु० 1600-100 2000'

(ख)—राज्य सरकारों के अधीन भारतीय पुलिस सेवा में वरिष्ठ समय वेतनमान से वेतन वाले पद, जिसमें समय वेतनमान से अतिरिक्त विशेष वेतन वाले पद भी शामिल हैं' शीर्षक के अन्तर्गत

सारणी में पहले कालम में उल्लिखित प्रविष्टि "मुणिपुर-त्रिपुरा" तथा दूसरे कालम की तत्स्थानी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्न-लिखित प्रतिस्थापित किया जायगा,अर्थात् :—

राज्य	पदो का विवरण
'मणिपुर	पुलिस महायक महानिरीक्षक
	पुलिस महायक महानिरीक्षक (आपरेशन्स)
	पुलिस अधीक्षक
	पुलिस अधीक्षक (सी० आई० डी०)
	पुलिस अधीक्षक (सतकर्ता)
	पुलिस अपर अधीक्षक
	कमांडेंट मणिपुर रायफल
	प्रिंसिपल, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र
त्रिपुरा	पुलिस सहायक महानिरीक्षक
	पुलिस अधीक्षक
	पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा)
	पुलिस अधीक्षक (सतकर्ता)
	पुलिस अपर अधीक्षक (अपराध)
	कमांडेंट त्रिपुरा शस्त्र पुलिस
	प्रिंसिपल पुलिस प्रशिक्षण कालेज ।

[स० 9/8/73अ०भा० से० (ख)]

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi 19th October, 1973

G.S.R.No. 1181.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with rule 11 of the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Joint Cadre Authority of Manipur and Tripura, hereby makes the following rules further to amend the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954, namely:—

1. (1) These rules may be called the Indian Police Service (Pay) Sixth Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Gazette of India.

2. In Schedule III, appended to the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954—

(a) under the heading "A –Posts carrying pay above the time-scale pay in the Indian Police Service under the State Governments", in the Table, for the entry, Manipur-Tripura, occurring in the first column and the corresponding entries in the second and the third columns, the following shall be substituted, namely :—

State	Particulars of Posts	Pay
Manipur	Inspector General of Police	Rs. 2250/-p.m.
	Deputy Inspector General of Police, Operations and Armed Police	Rs.1600-100-2000
Tripura	Inspector General of Police	Rs. 2250/-p.m.
	Deputy Inspector General of Police (Headquarters)	Rs. 1600-100-2000",

(b) Under the heading "B-Posts carrying pay in the senior time-scale of the Indian Police Service, under the State Governments including posts carrying special pay in addition to pay in the time-scale", in the Table,

for the entry "Manipur-Tripura" occurring in the first column and the corresponding entries in the second column, the following shall be substituted, namely:—

State	Particulars of Posts
Manipur	Assistant Inspector General of Police
	Assistant Inspector General of Police (Operations)
	Superintendent of Police
	Superintendent of Police (C.I.D.)
	Superintendent of Police (Vigilance)
	Additional Superintendent of Police
	Commandants, Manipur Rifles
	Principal, Police Training Centre.
Tripura	Assistant Inspector General of Police
	Superintendents of Police
	Superintendents of Police (Special Branch)
	Superintendent of Police (Vigilance)
	Additional Superintendent of Police (Crime)
	Commandant Tripura Armed Police
	Principal Police Training College.

[No. 9/8/73-AIS II-B]

सा. का. नि. 1182.—भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप-नियम (2) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार मणिपुर तथा त्रिपुरा के संयुक्त संवर्ग प्राधिकरण के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) नवां संशोधन विनियम, 1973 है ।

(2) ये भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में "मणिपुर-त्रिपुरा" शीर्षक तथा उससे सम्बन्धित विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"मणिपुर-त्रिपुरा"

1. राज्य सरकार के अधीन वरिष्ठ पद	26
मणिपुर सरकार के अधीन पद	
पुलिस महानिरीक्षक	1
पुलिस उप-महानिरीक्षक, ऑपरेशनस तथा सशस्त्र पुलिस	1
पुलिस सहायक महानिरीक्षक	1
पुलिस सहायक महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स)	1
पुलिस अधीक्षक	5
पुलिस अधीक्षक (सी.आई.डी.)	1
पुलिस अधीक्षक (सतर्कता)	1
पुलिस अपर अधीक्षक	1
कमांडेन्ट, मणिपुर राईफिल्स	2
प्रिंसिपल, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र	1

त्रिपुरा सरकार के अधीन पद

पुलिस महानिरीक्षक	1
पुलिस उप-महानिरीक्षक (मुख्यालय)	1
पुलिस सहायक महानिरीक्षक	1
पुलिस अधीक्षक	3
पुलिस अधीक्षक (विशेष ब्रांच)	1
पुलिस अधीक्षक (सतर्कता)	1
पुलिस अपर अधीक्षक (अपराध)	1
कमांडेन्ट, त्रिपुरा शस्त्र पुलिस	1
प्रिंसिपल पुलिस प्रशिक्षण कालेज	1
	26
2. केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व ऊपर 1 के 40 प्रतिशत के हिसाब से	10
3. भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम 1954 के नियम 9 के अधीन पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पद ऊपर 1 और 2 के 25 प्रतिशत के हिसाब से	9
4. सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद ऊपर 1 और 2 में से तीन घटाकर	27
5. प्रतिनियुक्ति रिजर्व ऊपर 4 के 20 प्रतिशत के हिसाब से	5
6. छुट्टी रिजर्व ऊपर 4 के 5 प्रतिशत के हिसाब से	1
7. कनिष्ठ पद ऊपर 4 के 20.60 प्रतिशत के हिसाब से	6
8. प्रशिक्षण रिजर्व ऊपर 4 के 10.59 प्रतिशत के हिसाब से	3
सीधी भर्ती के पद	42
पदोन्नति के पद	9
कुल प्राधिकृत संख्या	51

[सं. 9/8/73- अं. भा. से. (2) (क)]

G.S.R. 1182.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (2) of rule 4 of the Indian Police Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Joint Cadre Authority of Manipur and Tripura, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Ninth Amendment Regulations, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Gazette of India.

2. In the Schedule to the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, for the heading 'Manipur-Tripura' and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :—

"Manipur-Tripura

1. Senior Posts under the State Government	26
Posts under the Government of Manipur	
Inspector General of Police	1
Deputy Inspector General of Police, Operations and Armed Police	1
Assistant Inspector General of Police	1
Assistant Inspector General of Police (Operations)	1
Superintendents of Police	5
Superintendent of Police (C.I.D.)	1
Superintendent of Police (Vigilance)	1
Additional Superintendent of Police	1
Commandants, Manipur Rifles	2
Principal, Police Training Centre	1
Posts under the Government of Tripura	
Inspector General of Police	1
Deputy Inspector General of Police (Headquarters)	1
Assistant Inspector General of Police	1
Superintendents of Police	3
Superintendent of Police (Special Branch)	1
Superintendent of Police (Vigilance)	1
Additional Superintendent of Police (Crime)	1
Commandant, Tripura Armed Police	1
Principal, Police Training College	1
	26
2. Central Deputation Reserve @40% of 1 above	10
3. Posts to be filled by promotion under rule 9 of the Indian Police Service (Recruitment) Rules, 1954 @25% of 1 and 2 above	9
4. Posts to be filled by direct recruitment (1 and 2 minus 3 above)	27
5. Deputation Reserve @20% of 4 above	5
6. Leave Reserve @5% of 4 above	1
7. Junior Posts @20.60% of 4 above	6
8. Training Reserve @10.59% of 4 above	3
Direct Recruitment Posts	42
Promotion Posts	9
Total Authorised Strength	51"

[No. 9/8/73-AIS. II A]

का. आ. 1183.—भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप-नियम (2) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) नवां संशोधन विनियम, 1973 है।

(2) ये भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) त्रिनिमय, 1955 की अनुसूची में "उत्तर प्रदेश" शीर्षक तथा उनके अधीन विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"उत्तर प्रदेश"

1. राज्य सरकार के अधीन वरिष्ठ पद	139
पुलिस महानिरीक्षक	1
निदेशक, नागरिक सुरक्षा-सह-कमांडिंट जनरल होम गार्ड पी. आर. डी.	1
अपर पुलिस महानिरीक्षक	1
पुलिस उप-महानिरीक्षक	14
पुलिस उप-महानिरीक्षक प्रशिक्षण तथा प्रिंसिपल, पुलिस प्रशिक्षण कालेज, मुरादाबाद	1
उप-कमांडंट जनरल होम गार्ड	1
पुलिस उप-महानिरीक्षक, रेलवे	1
सतर्कता निदेशक	1
पुलिस सहायक महानिरीक्षक	1
पुलिस अधीक्षक	4
पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय	1
पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर	1
पुलिस अधीक्षक, लखनऊ नगर	1
पुलिस अपर अधीक्षक	9
पुलिस अधीक्षक, खुफिया विभाग	4
पुलिस अधीक्षक केन्द्रीय खुफिया विभाग	9
पुलिस अधीक्षक, सतर्कता स्थापना	9
पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय खुफिया विभाग	9
पुलिस अधीक्षक, रेलवे	5
उप-आयुक्त, बिक्री कर (सतर्कता)	1
कमांडंट, पी. ए. सी. बटालियन	18
कमांडंट, विशेष पुलिस दल मुरादाबाद	1
उप-कमांडंट, विशेष पुलिस दल मुरादाबाद	1
कमांडंट, जनरल-होम गार्ड का स्टाफ अधिकारी	1
उप-निदेशक, सिविल डिफेंस	1
कमांडंट, भर्ती प्रशिक्षण स्कूल, मुरादाबाद	1
कमांडंट, भर्ती प्रशिक्षण स्कूल, सीतापुर	1
कमांडंट, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होम गार्ड	1
अधीक्षक, ई. डी. आ. खुफिया तथा जांच विंग (सी. आई. डी.)	2
	138
2. केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व उपर्युक्त 1 के 40 प्रतिशत के हिसाब से	55
	193
3. भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम 1954 के नियम 9 के अधीन पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पद उपर्युक्त 1 और 2 के 25 प्रतिशत के हिसाब से	48
4. सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद (उपर्युक्त 1 और 2 में से 3 घटाकर)	145
5. प्रतिनियुक्ति रिजर्व उपर्युक्त 4 के 20 प्रतिशत के हिसाब से	29
6. छुट्टी रिजर्व उपर्युक्त 4 के 5 प्रतिशत के हिसाब से	7
7. कनिष्ठ पद उपर्युक्त 4 के 20.60 के हिसाब से	30
8. प्रशिक्षण रिजर्व उपर्युक्त 4 के 10.59 के हिसाब से	15
सीधा भर्ती वाले पद	226
पदोन्नति पद	48
कुल प्रधिकृत संख्या	274

[सं. 9/7/73-अ. भा. से. (2)-(क)]

G.S.R. 1183.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (2), of rule 4 of the Indian Police Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Uttar Pradesh, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Tenth Amendment Regulations, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Gazette of India.

2. In the schedule to the Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, for the heading "Uttar Pradesh" and the entries occuring thereunder, the following shall be substituted, namely :—

"Uttar Pradesh

1	Senior posts under the State Government	138
	Inspector General of Police	1
	Director, Civil Defence-cum-Commandant General, PRD of Home Guards	1
	Additional Inspector General of Police	1
	Deputy Inspectors General of Police	14
	Deputy Inspector General of Police Training and Principal, Police Training College, Moradabad	1
	Deputy Commandant General, Home Guards	1
	Deputy Inspector General of Police, Railways	1
	Director of Vigilance	1
	Assistant Inspector General of Police	1
	Superintendents of Police	48
	Superintendent of Police, Headquarters	1
	Superintendent of Police, Kanpur City	1
	Superintendent of Police, Lucknow City	1
	Additional Superintendents of Police	9
	Superintendents of Police, Intelligence Department	4
	Superintendents of Police, Central Intelligence Department	9
	Superintendents of Police, Vigilance Establishment	9
	Superintendent of Police, High Court, Allahabad	1
	Superintendents of Police, Railways	5
	Deputy Commissioner, Sales Tax (Vigilance)	1

Commandant, PAC Batalions	18
Commandant, Special Police Force, Moradabad	1
Deputy Commandant, Special Police Force, Moradabad	1
Staff Officer to the Commandant General Home Guards	1
Deputy Director, Civil Defence	1
Commandant Recruits' Training School, Moradabad	1
Commandant, Recruits' Training Centre Sitapur	1
Commandant, Central Training Institute, Home Guards	1
Superintendent, ECO. Intelligence and Investigation Wing (CID)	2
	138
2. Central Deputation Reserve @40% of 1 above	55
	193
3 Posts to be filled by promotion under rule 9 of the Indian Police Service (Recruitment) Rules, 1954 @25% of (1) and (2) above	48
4. Posts to be filled by Direct Recruitment [(1) and (2) minus (3) above]	145
5 Deputation Reserve @20% of 4 above	29
6. Leave reserve @5% of 4 above	7
7. Junior Posts @20.60% of 4 above	30
8 Training Reserve @10.59% of (4) above	15
Direct Recruitment posts	226
Promotion Posts	48
Total authorised strength	274

[No. F. 9/7/73 AIS II-(A)]

मा० का० नि० 1184 — भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम 11 के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाये अधिनियम 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये, केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम, 1954 मे एतद्द्वारा निम्नलिखित सशोधन करती है, अर्थात् —

1 (1) इन नियमो का नाम भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) सातवा सशोधन नियम, 1973 है।

(2) ये सरकार राजपत्र मे इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगे।

2 भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) नियम, 1954 के साथ सलग्न अनुसूची III मे

(क) "क' राज्य सरकारो के अधीन भारतीय पुलिस सेवा मे समय वेतन मान से अधिक वेतन वाले पद' शीर्षक के अधीन सारणी मे पहले कालम में उल्लिखित प्रविष्टि 'उत्तर प्रदेश' तथा दूसरे तथा तीसरे कालम की तत्स्थानी प्रविष्टियो के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा —

राज्य	पदो का विवरण	वेतन/वेतनमान
"उत्तर प्रदेश	पुलिस महानिरीक्षक	2500-125/2-2750
	निदेशक नागरिक सुरक्षा-सह-कमाडेट जनरल हाम गार्ड	
	का पी० आर० डी०	2500-125/2-2250
	पुलिस अपर महानिरीक्षक	2000-125-2250
	पुलिस उप महानिरीक्षक	1600-100-2000
	पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षण तथा प्रिमिपल प्रशिक्षण कालेज, मुरादाबाद	1600-100-2000
	उप-कमाडेट केन्द्रीय हाम गार्ड	1600-100-2000
	पुलिस उप महानिरीक्षक,रेलवे	1600-100-2000
	सतर्कता निदेश	1600-100-2000"

(ख) 'ख-राज्य सरकारो के अधीन भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ समय वेतनमान के वेतन वाले पद, जिसमे समय वेतनमान के अतिरिक्त विशेष वेतन वाले पद भी शामिल है" शीर्षक के अन्तर्गत सारणी मे पहले कालम मे उल्लिखित प्रविष्टि "उत्तर प्रदेश" तथा दूसरे कालम की तत्स्थानी प्रविष्टियो के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा —

राज्य	पदो का विवरण
'उत्तर प्रदेश	पुलिस सहायक महानिरीक्षक
	पुलिस अधीक्षक
	पुलिस अधीक्षक मुख्यालय
	पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर
	पुलिस अधीक्षक, कान लखनऊ नगर
	पुलिस अपर अधीक्षक
	पुलिस अधीक्षक, खुफिया विभाग
	पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय खुफिया विभाग
	पुलिस अधीक्षक, सतर्कता स्थापना
	पुलिस अधीक्षक, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद
	पुलिस अधीक्षक, रेलवे
	उप-आयुक्त, बिक्री कर (सतर्कता)
	कमाडेट, पी० ए० सी० बटालियन
	कमाडेट विशेष पुलिस दल, मुरादाबाद
	उप-कमाडेट, विशेष पुलिस दल, मुरादाबाद
	क हाम गार्ड कमाडेट जनरल का स्टाफ अधिकारी
	उपनिदेशक सिविल डिफेंस
	कमाडेट भर्ती प्रशिक्षण स्कूल, मुरादाबाद
	कमाडेट केन्द्रीय प्रशिक्षण सस्थान केन्द्र सीतापुर
	कमाडेट, केन्द्रीय प्रशिक्षण सस्थान, हाम गार्ड
	अधीक्षक, ई० सी० आ० खुफिया तथा सतर्कता विग (सी० आई० डी०)"

[फा० 9/7/73-ए० भा० से० (2)ख]

एस० हबी वुल्लाह, अवर सचिव

G. S. R 1184 :— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with rule 11 of the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Uttar Pradesh, hereby makes the following amendments to the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954, namely:—

1. (1) These rules may be called the Indian Police Service (Pay) Seventh Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Gazette of India.

2. In schedule III, appended to the IPS (Pay) Rules, 1954,

(a) under the heading "A-Posts carrying pay above the time-scale of pay in the Indian Police Service under the State Government" in the Table, for the entry "Uttar Pradesh" occuring in the first column and the corresponding entries in the second and third columns, the following shall be substituted, namely:—

State	Particulars of posts	Pay/scale of pay
"Uttar Pradesh.	Inspector General of Police	2500-125/2-2750
	Director, Civil Defence-cum-Commandant General, P R.D. of Home Guards	2500-125/2-2750
	Additional Inspector General of Police	2000-125-2250
	Deputy Inspectors General of Police	1600-100-2000
	Deputy Inspector General of Police, Training and Principal, Training College, Moradabad.	1600-100-2000
	Deputy Commandant General, Home Guards.	1600-100-2000
	Deputy Inspector General of Police Railways.	1600-100-2000
	Director of Vigilance	1600-100-2000"

(b) under the heading "B-Posts carrying pay in the senior-time scale of the Indian Police Service under the State Governments including posts carrying special pays in addition to pay in the time-scale", in the Table, for the entry "Uttar Pradesh" occurring in the first column and the corresponding entries in the second column, the following shall be substituted, namely:—

State	Particulars of Posts
"Uttar Pradesh	Assistant Inspector General of Police.
	Superintendents of Police
	Superintendent of Police, Headquarters.
	Superintendent of Police, Kanpur City.
	Superintendent of Police, Lucknow City.
	Additional Superintendents of Police
	Superintendent of Police, Intelligence Department.
	Superintendents of Police, Central Intelligence Deptt.
	Superintendents of Police Vigilance Establishment.
	Superintendent of Police, High Court, Allahabad
	Superintendent of Police, Railways.
	Dy. Commissioner, Sales Tax (Vigilance)
	Commandant, PAC Battalions.
	Commandant, Special Police Force, Moradabad.
	Dy. Commandant, Special Police Force, Moradabad.
	Staff Officers to the Commandant General, Home Guards
	Deputy Director, Civil Defence.
	Commandant, Recruits' Training School, Moradabad.
	Commandant, Recruits' Training Centre, Sitapur.
	Commandant, Central Training Institute, Home Guards.
	Superintendent, ECO Intelligence and Investigation Wing (CID)".

[No. 9/7/73-AIB. II (B)]

S. HABEEBULLAH, Under Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1185.—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 10 ङ. की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 637 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारत सरकार के कम्पनी कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 443(ई), तारीख 18 अक्तूबर, 1972 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में निम्नलिखित टिप्पण अन्त में जोड़ दिया जाएगा, अर्थात् :—

"टिप्पण.—निर्देश की सुलभता के प्रयोजन के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 10 ङ की उपधारा (6) नीचे उद्धृत है :

"(6) कम्पनी विधि बोर्ड अपनी शक्तियों के प्रयोग में तथा कृत्यों के निर्वहन में केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण के अधीन रहेगा ।"

[फा. सं. 2/11/73-सी एल-5]

आर. के. तलवार, अवर सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

Department of Company Affairs

New Delhi, the 17th October, 1973

G.S.R. 1185.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of Section 637, read with sub-section (1) of Section 10E, of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Department of Company Affairs No. G.S.R. 443(E), dated the 18th October, 1972, namely :—

In the said notification, the following note shall be added at the end, namely :—

"**Note.**—for the purpose of ready reference, sub-section (6) of Section 10E of the Companies Act, 1956 (1 of 1956) is re-produced below :

"(6) In the exercise of its powers and discharge of its functions, the Company Law Board shall be subject to the control of the Central Government."

[F. No. 2/11/73-CL-V.]

R. K. TALWAR, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर, 1973

शुद्धि-पत्र

सा. का. नि. 1186.—भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की दिनांक 15 मई, 1973 की अधिसूचना सं. सा. का. नि 603 के नियम 6 के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ा जाय, अर्थात् :—

"**छूट देने की शक्ति.**—जिस मामले में केन्द्रीय सरकार यह विचार हो कि इन नियमों के किसी उपबन्ध में किसी वर्ग अथवा श्रेणी के व्यक्तियों के सम्बन्ध में छूट देना आवश्यक अथवा इष्टकर है तो वह कारणों का लिखित रूप से उल्लेख करके संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से आदेश जारी करके छूट दे सकती है ।"

[सं. ए. 21015/1/72/प्र.-2]

ओ. पी. कोहली, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 16th October, 1973.

CORRIGENDUM

G.S.R. 1186.—In the Notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Economic Affairs) No. G.S.R. 603, dated the 15th May, 1973, **for** rule 6, **read** the following, namely :—

"6. **POWER TO RELAX.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons."

[No. A. 21015/1/72-Adm. II.]

O. P. KOHLI, Under Secy

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1187.—संविधान के अनुच्छेद 299 के खण्ड (1) के साथ पठित अनुच्छेद 77 के खण्ड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक निम्नलिखित नियम बनाया है, अर्थात् :—

4.50,00,000 नीदरलैण्ड गिल्डरों के ऋण के लिए हैंग, नीदरलैण्ड में स्थित नीदरलैण्ड के विकासशील देशों से सम्बन्धित निवेश बैंक (द नीदरलैण्ड्स इन्वेस्टरिंग्स बैंक फूर आंटविकलिंगसलैण्डन एन. वो.) (द नीदरलैण्ड इन्वेस्टमेंट बैंक फार डवलपिंग कंट्रीज) के साथ 22 अगस्त, 1973 को हुए ऋण करार के 22 अगस्त, 1973 के अनुपूरक करार के निष्पादन के सम्बन्ध में भारत संघ की कार्यपालिका शक्तियों का प्रयोग करते हुए निष्पादित किये जाने वाले सभी प्रलेख, राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और अधिप्रमाणित किये जाएंगे :—

(1) भारत सरकार के संयुक्त सचिव, निदेशक, उप-सचिव या अवर सचिव तथा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के उपनिदेशक ।

(2) नीदरलैण्ड में भारत के राजदूत अथवा कार्यदूत अथवा नीदरलैण्ड में भारत के राजदूतावास के प्रथम सचिव ।

(3) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के सहायता लेखा नियन्त्रक तथा वरिष्ठ लेखा अधिकारी ।

(4) लंदन-स्थित भारतीय उच्चायोग के मुख्य लेखा अधिकारी/सहायक मुख्य लेखा अधिकारी ।

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से और उनके नाम से

[एफ. सं. 14(23)-डब्ल्यू. ई. 3/73]

New Delhi, the 24th October, 1973

G.S.R. 1187.—In exercise of the powers conferred by clause (2) of Article 77, read with clause (i) of Article 299 of the Constitution, the President is pleased to make the following rule, namely :—

All documents necessary to be executed in exercise of the executive power of the Union in connection with the performance of the Addendum dated the 22nd August, 1973 to the Loan Agreement dated the 22nd August, 1973 with De Netherlands Investing bank voor Ontwikkelingslanden N. V. (The Netherlands Investment Bank for Developing Countries) established at the Hague, Netherlands for a credit of Netherlands Guilders 4,50,00,000 shall be executed and authenticated on behalf of the President by any of the officers specified below :

(i) Joint Secretary, Director, Deputy Secretary or Under Secretary to the Government of India and Deputy Director in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs.

(ii) Controller of Asid Accounts and Senior Accountants Netherlands or the Frsit Secretary to the Embassy of India in the Netherlands.

(iii) Controller of Aid Accounts and Senior Accounts Officer in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs.

(iv) Chief Accounting Officer/Assistant Chief Accounting Officer, High Commission of India in London.

By Order and in the name of President of India

[F. No. 14(23)WE. III/73]

सा. का. नि. 1188.—संविधान के अनुच्छेद 299 के खण्ड (1) के साथ पठित अनुच्छेद 77 के खण्ड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक निम्नलिखित नियम बनाया है, अर्थात् :—

9 अक्टूबर, 1973 को स्विस संघ के साथ किये गये 3.5 करोड़ स्विस फ्रैंक के विकास ऋण और 5.5 करोड़ स्विस फ्रैंक के अन्तरण ऋण के ऋण करारों के निष्पादन के सम्बन्ध में भारत संघ की कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति की ओर से निष्पादित किये जाने वाले सभी आवश्यक प्रलेखों को निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवम् प्रमाणित किया जायगा :—

(1) भारत सरकार के संयुक्त सचिव, निदेशक, उपसचिव या अवर सचिव तथा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के उपनिदेशक ।

(2) स्विट्जरलैण्ड स्थित भारत के राजदूत या कार्यकारी राजदूत या स्विट्जरलैण्ड में भारतीय राजदूतावास के प्रथम सचिव ।

(3) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के सहायता लेखा नियंत्रक तथा वरिष्ठ लेखा अधिकारी ।

(4) लन्दन-स्थित भारतीय उच्चायोग के मुख्य लेखा अधिकारी/सहायक मुख्य लेखा अधिकारी ।

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से और उनके नाम से

[एफ. सं. 9(4)-डब्लू. ई 3/73]

वा. श्री. तांबे, निदेशक

G.S.R. 1188.—In exercise of the powers conferred by clause (2) of Article 77, read with clause (i) of Article 299 of the Constitution, the President is pleased to make the following rule, namely :—

All documents necessary to be executed in exercise of the executive power of the Union in connection with the performance of the Loan Agreements dated the 9th Oct., 73 with the Government of the Swiss Confederation on a Development Loan of 35 million Swiss Francs and transfer Credit of 55 million Swiss Francs shall be executed and authenticated on behalf of the President by any of the officers specified below :—

(i) Joint Secretary, Director, Deputy Secretary or Under Secretary to the Government of India and Deputy Director in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs.

(ii) Ambassador or Charge d' Affairs of India in Switzerland or the First Secretary to the Embassy of India in Switzerland.

(iii) Controller of Aid Accounts and Senior Accounts Officer in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs.

(iv) Chief Accounting Officer/Assistant Chief Accounting Officer, High Commission of India in London.

By Order and in the name of President of India
[F. No. 9(4)WE. III/73]
W. S. TAMBE, Director

(राजस्व और बीमा विभाग)

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1189.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद् द्वारा आपात् जोखिम बीमा योजना निदेशालय (श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 पद) भर्ती नियमावली 1970 में अतिरिक्त संशोधन करते हुए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

(1) इन नियमों को आपात् जोखिम बीमा योजना निदेशालय (श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 पद) भर्ती संशोधन नियम 1973 कहा जायेगा ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. आपात् जोखिम बीमा योजना निदेशालय (श्रेणी 3 तथा श्रेणी 4 पद) भर्ती नियमावली 1970 की अनुसूची के स्तम्भ (6) में :

(क) क्रम सं. 3 "आशुलिपिक ग्रेड-1" में प्रविष्टि "19—23 वर्ष" के स्थान पर प्रविष्टि "19—25 वर्ष" प्रतिस्थापित की जायेगी ।

(ख) क्रम सं. 5 "निम्न श्रेणी लिपिक" में प्रविष्टि "18—21 वर्ष" के स्थान पर प्रविष्टि "18—25 वर्ष" प्रतिस्थापित की जायेगी ।

[सं. 19 फा. 32/17/73-प्रशा.-1(ए)]

(Department of Revenue and Insurance)

New Delhi, the 20th October, 1973

G.S.R. 1189.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following Rules further to amend the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Class III & Class IV posts) Recruitment Rules, 1970, namely :—

1. (1) These Rules may be called the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Class III & Class IV posts) Recruitment Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Class III & Class IV posts) Recruitment Rules, 1970, in column (6)—

(a) in serial No. 3 "Stenographer Grade I", for the entry "19—23 years", the entry "19—25 years" shall be substituted ;

(b) in serial No. 5 "Lower Division Clerk", for the entry "18—21 years", the entry "18—25 years" shall be substituted.

[No 19 F. No. 32/17/73-Ad. IA.]

सा. का. नि. 1190.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा आपात् जोखिम बीमा योजना निदेशालय (आशुलिपिक ग्रेड-2) की भर्ती नियमावली 1971 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

(1) इन नियमों को आपत् जोखिम योजना निदेशालय (आशुलिपिक ग्रेड 2) भर्ती संशोधन नियम 1973 कहा जायेगा ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. आपात् जोखिम बीमा योजना निदेशालय (आशुलिपिक ग्रेड-2) भरती नियम 1971 की अनुसूची के स्तम्भ 6 में प्रविष्टि "18—24 वर्ष" के स्थान पर प्रविष्टि "18—25" वर्ष प्रतिस्थापित की जायेगी ।

[सं. 20 फा. सं. 32/17/73-प्रशा-1]
के. आर. नरसिंहन, अवर सचिव

G.S.R. 1190.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following Rules to amend the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Stenographer Grade II) Recruitment Rules, 1971, namely :—

1. (1) These Rules may be called the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Stenographer Grade II) Recruitment Amendment Rules, 1973.

2. In the Schedule to the Directorate of Emergency Risks lication in the Official Gazette.

2 In the Schedule to the Directorate of Emergency Risks Insurance Schemes (Stenographer Grade II) Recruitment Rules, 1971, in column 6, for the entry "18—24 years", the entry "18—25 years" shall be substituted.

[No. 20 F. No. 32/17/73-Ad. IA]
K. R. NARASIMHAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 1973

केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क

सा. का. नि. 1191.—केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम, 1944 के नियम 174क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, निम्नलिखित उत्पाद शुल्क योग्य माल को उक्त नियम के नियम 174 के प्रवर्तन से छूट देती है, अर्थात् :—

(1) लाइ-चीनी (पामायर शुगर) ।

(2) वासित-जल, जिसका कोई ब्रांड नाम नहीं है ।

(3) शक्ति की सहायता के बिना विनिर्मित वासित-जल

(4) वनस्पति नाम एसेन्शियल तेल (अरोमाधित) ।

(5) जरी उद्योग में प्रयुक्त और शुल्क संदत्त या शुल्क से छूट प्राप्त नाइट्रोसेलूलोस लेकर से तैयार किया गया गिल्डिंग धोल ।

(6) शुल्क संदत्त उर्वरकों से शक्ति की सहायता के बिना तैयार किए गए मिश्रित या सम्मिश्र उर्वरक ।

(7) पूर्णतया छूट प्राप्त उर्वरकों की किस्में ।

(8) शक्ति या तापन-वाष्प की सहायता के बिना उत्पादित साबुन ।

(9) साइकिलों के टायर और ट्यूब ।

(10) अप्रसंस्कृत आर्ट सिलक कपड़े ।

(11) चांदी ।

(12) पूर्णतया छूट प्राप्त घरेलू विद्युत साधित्र

(13) पूर्णतया छूट प्राप्त कार्यालय-मशीनें और साधित्र ।

(14) मोटर साइकिलों से भिन्न साइकिलों के पुर्जे ।

(15) पूर्णतया छूट प्राप्त जूते और उनके अवयव ।

(16) यंत्र-चलित ग्रामोफोन और उनके पुर्जे ।

(17) सेफ (तिजोरी), स्ट्राग बाक्स, कैश बाक्स, डीड बाक्स और तत्समान बाक्स (किन्तु जिसमें स्टांग रूम लाइनिंग और स्ट्राग रूम दरवाजा सम्मिलित नहीं हैं) विनिर्मित करने वाले बिना शक्ति प्रचालित यूनिट ।

(18) धातु आधान विनिर्मित करने वाले बिना शक्ति प्रचालित यूनिट ।

[सं. 191/73-के. उ. शु.-फा. सं. 213/1/73-सी. एक्स-6]

एस. के. धर, अवर सचिव

New Delhi, the 3rd November, 1973

CENTRAL EXCISE

G.S.R. 1191.—In exercise of the powers conferred by rule 174A of the Central Excise Rules, 1944, the Central Government hereby exempts, from the operation of rule 174 of the said rules, the following excisable goods, namely :—

(1) Palmyra Sugar.

(2) Aerated waters having no brand name.

(3) Aerated waters manufactured without the aid of power.

(4) Vegetable Non-Essential Oils (Unprocessed).

(5) Gilding solution used in Jari industry and made out of duty paid or exempted nitrocellulose lacquer.

(6) Composite or complex fertilizers prepared from duty paid fertilizers without the aid of power.

(7) Fully exempted varieties of fertilizers.

(8) Soap produced without the aid of power or of steam for heating.

(9) Tyres and Tubes for Cycles.

(10) Unprocessed art silk fabrics.

(11) Silver.

(12) Fully exempted domestic electric appliances.

(13) Fully exempted office machines and apparatus.

(14) Parts of cycles other than motor cycles.

(15) Fully exempted footwear and parts thereof.

(16) Mechanically driven gramophones and parts thereof.

(17) Non-power operated units manufacturing safes, strong boxes, cash boxes, deed boxes and the like (but not including strong room linings and strong room door).

(18) Non-power operated units manufacturing metal containers.

[No. 191/73-C.E.—F. No. 213/1/73-CX.6]

S. K. DHAR, Under Secy.

गृह मंत्रालय

(कार्यालय, भारत के महापंजीकार)

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1192.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति भारत के महापंजीकार एवं पदेन भारत के जनगणना आयुक्त के कार्यालय में श्रेणी 3 के पदों की भर्ती का विनियमन करने वाले नियम, 1970 में निम्नलिखित संशोधन एतद् द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—इन नियमों का नाम भारत के महापंजीकार एवं पदेन भारत के जनगणना आयुक्त का कार्यालय (श्रेणी 3 के पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये नियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. भारत के महापंजीकार एवं पदेन भारत के जनगणना आयुक्त का कार्यालय (श्रेणी 3 के पद) भर्ती नियम, 1970 के अनुसूची में,

(1) क्रम संख्या 1 में सांख्यिकी सहायक के पद के सामने कालम 2 में प्रविष्टि के लिए "7" प्रविष्टि पढ़ा जाय ।

(2) क्रम संख्या 2 में कम्प्यूटर के पद के सामने कालम 2 में प्रविष्टि के लिए "112" प्रविष्टि पढ़ा जाय ।

[सं. 3/9/72-आर. जी. (ए. डी. 1)]

ए. चन्द्रशेखर, गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव

पदेन भारत के महापंजीकार

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Office of the Registrar General, India)

New Delhi, the 19th October, 1973

G.S.R. 1192.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Office of the Registrar General, India and **ex-officio** Census Commissioner for India (Class III posts) Recruitment Rules, 1970 namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Office of the Registrar General, India and **ex-officio** Census Commissioner for India (Class III posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Office of the Registrar General, India and **ex-officio** Census Commissioner for India (Class III posts) Recruitment Rules, 1970,

(1) against the post of Statistical Assistant at serial number 1, for the entry in column 2, the entry "71" shall be substituted ;

(2) against the post of Computor at serial number 2, for the entry in column 2, the entry "112" shall be substituted.

[No. 3/9/72-RG (Ad. I)]

A. CHANDRA SEKHAR, Addl. Secy.
in the Ministry of Home Affairs & ex-officio Registrar General, India.

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1193.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह संघ-शासित क्षेत्र के प्रशासन में रोजगार अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करते हुए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) ये नियम अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह (रोजगार अधिकारी) भर्ती नियम, 1973 कहलाएंगे ।

(2) ये नियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन-मान.**—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और पद का वेतन-मान वही होगा जैसा कि इसके साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट है ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वही होंगी जो कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में विनिर्दिष्ट है ।

4. **अनर्हताएं.**—कोई भी ऐसा व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों के संबंध में, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **अपवाद.**—इन नियमों की किसी बात का, इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम-जातियों और अन्य विशिष्ट वर्गों के व्यक्तियों के लिए अपेक्षित आरक्षणों और अन्य रियायतों पर, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

अनुसूची

अंडमान और निकोबार प्रशासन में रोजगार अधिकारी के पद के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन-मान	प्रवरण पद है या अप्रवरण पद	सीधी भर्ती वालों के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए शैक्षिक व अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
रोजगार अधिकारी	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी II राजपत्रित, गैर-लिपिकवर्गीय	रु० 350-20-450-25-575	लागू नहीं होता है	30 वर्ष—सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट दी जा सकती है ।	**अनिवार्य :** (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकीय उपाधि या समकक्ष अर्हता । (2) औद्योगिक या कार्मिक व्यवस्थापन, श्रम कल्याण या कार्यालय-प्रशासन में लगभग दो वर्ष का अनुभव (अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है) । **वांछनीय :** रोजगार कार्यालय में कार्य करने का अनुभव

क्या सीधी भर्ती वालो के लिए निर्धारित आयु व शैक्षिक अर्हताएं पदोन्नत वाले व्यक्तियो पर भी लागू होगी।	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति, अर्थात् क्या भर्ती सीधी भर्ती द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा की जायगी, और विभिन्न पद्धतियो से भरी जाने वाली रिक्तियो का प्रतिशत।	यदि पदोन्नति / प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की जानी हो तो किन ग्रेडो से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाना है।	यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान हो तो उसका गठन क्या है	भर्ती करने के लिए किन परिस्थितियो मे संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है।
8	9	10	11	12	13
लागू नही होता	2 वर्ष	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	**प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारो के अधीन समकक्ष पदो, या ० 210—425 के वेतन-मान वाले पदो पर कम से कम 5 वर्ष की सेवा वाले अधिकारी जो कि स्तम्भ 7 मे सीधी भर्ती वालो के लिए विनिर्दिष्ट अर्हताएं और अनुभव रखते हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत. 3 वर्ष से अधिक नही होगी)	लागू नही होता	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथापेक्षित।

[संख्या 4/34/72-ए एन एस]
के. के. गुप्ता, उप सचिव

New Delhi, the 20th October, 1973

G.S.R. 1193.—In exercise of the powers conferred by the to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Employment Officer in the Administration of the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands, namely :—

1. Short title and Commencement.— (1) These rules may be called the Andaman and Nicobar Islands (Employment Officer) Recruitment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number, Classification and scale of pay.—The number of the post, its classification, and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. **Method of recruitment, age limit and other qualifications.**—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

4. Disqualification.—No person—

(a) who has entered into, or contracted, a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person.

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.** Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accorpance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment Rules for the post of Employment Officer in Andaman and Nicobar Administration

Name of Post	No. of Posts	Classification	Scale of Pay	Whether Selection Post or non-Selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Employment Officer	1	General Central Service Class II Gazetted Non-Ministerial	Rs 350-20-450-25-575	Not applicable	30 years—Relaxable for Govt. servants	**Essential:** (i) Degree of a recognised University or equivalent (ii) About 2 years experience in industrial or personnel management, Labour Welfare or Office Administration (Qualifications relaxable at Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified). **Desirable:** Experience of working in Employment Exchange.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of rectt. whether by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of rectt. by promotion/deputation/transfer grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a DPC exists, what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Not applicable	2 years	By transfer on deputations failing which direct re-recruitment	**Transfer on deputation** Officers holding analogous posts or with at least 5 years service in posts in the scale of Rs.210-425 under the Central Government or State Governments and possessing the qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 7. (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years)	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from consultation) Regulation, 1958

[No. 4/34/72-ANL]
K. K. GUPTA Dy. Secy.

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 1973

सा. का. नि. 1194.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गृह मंत्रालय, अपराध विज्ञान और न्याय सम्बन्धी विज्ञान संस्थान में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अपराध विज्ञान और न्याय सम्बन्धी विज्ञान संस्थान (प्रशासनिक अधिकारी) भर्ती, नियम, 1973 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान** :—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

Essential 1. Degree in Telecommunication Engineering or Sound Engineering from a recognised University or equivalent. 2. About three Years' experience of handling major repairs to, and maintenance and servicing of audio-visual equivalent and the use of test instruments in a Government Organisation or reputed electronic concern (Qualifications relaxable at Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified). **Desirable** (i) Experience of major repairs and overhaul of single Cylinder petrol Engine Driven Generators, (ii) Working knowledge of maintenance and repairs of vehicles or lathe. (iii) Knowledge of administrative and financial procedures relating to purchase or disposal of technical stores. (iv) Experience in maintenance or receipt or issue of technical stores.	Age No. qualification yes	Two years	50% by direct recruitment and 50% by promotion failing which by direct recruitment	**Promotion** Technical Officers in the Directorate with at least five years' regular service in the grade	Class I departmental promotion committee	As required under the UPSC (exemption from Consultation) Regulation, 1958

[No. 3/8/69-Admn.]
P. K. SINHA, Under Secy.

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर, 1973

The following translation in Hindi of the Employees' State Insurance Corporation (General Provident Fund) Rules, 1973 is hereby published under the authority of the President and shall be deemed to be the authoritative text thereof in Hindi under clause (b) of sub-section (1) of Section 5, read with sub-section (3) of Section 3, of the Official Languages Act, 1963 (19 of 1963).

सा. का .नि. 1204.—यतः कर्मचारी राज्य बीमा निगम के परामर्श से विरचित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण भविष्य निधि, नियम, 1972 का प्रारूप, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 95, उपधारा(1) से यथापेक्षित, भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (2) में पृष्ठ 3301 से 3312 पर श्रम और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और नियोजन विभाग) में भारत सरकार की अधिसूचना एस. ओ. संख्या 2368, तारीख 26 अगस्त, 1972 के अधीन उसके द्वारा संभाव्यतः प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए उनसे, उक्त अधिसूचना के शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से एक मास की समाप्ति तक आक्षेप व सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित किया गया था ,

और यत; उक्त राजपत्र जनता को 26 अगस्त, 1972 को उपलब्ध कराया गया था ,

और यतः जनता से कोई भी आक्षेप और सुझाव उक्त प्रारूप नियमों पर प्राप्त नहीं हुए हैं ,

अतः अब कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 95 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कर्मचारी राज्य बीमा निगम से परामर्श के पश्चात् केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है :—

नियम

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** :—

(1) इन नियमों का नाम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण भविष्य निधि) नियम, 1973 होगा ।

(2) ये 4 दिसम्बर, 1959 से प्रवृत्त समझे जायेंगे ।

2. **परिभाषाएं**:—

(1) इन नियमों में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "लेखा अधिकारी" से कर्मचारी राज्य बीमा निगम का मुख्य लेखा अधिकारी या ऐसा अन्य अधिकारी जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, अभिप्रेत है ,

(ख) "अधिनियम" से कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) अभिप्रेत है ;

(ग) "उपलब्धियों" से मौलिक नियमों में परिभाषित वेतन छुट्टी सम्बलम अथवा जीवन निर्वाह अनुदान अभिप्रेत हैं और इसके अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति के बारे में वेतन के रूप में प्राप्त मंहगाई वेतन और कोई परिश्रमिक, आता है ,

(घ) "कर्मचारी" से प्रतिनियुक्ति व्यक्तियों से भिन्न निगम के स्टाफ के काडर पर नियुक्त या दर्ज व्यक्ति, अभिप्रेत है ।

(ङ) 'कुटुम्ब' से.—

(1) पुरूष अंशदायक की दशा में, अंशदायक की पत्नी या पत्नियों और सन्तान, तथा अंशदायक के मृतक पुत्र या पुत्रों की विधवा या विधवाएं और सन्तान अभिप्रेत हैं ;

परन्तु उस दशा में जबकि अंशदायक यह साबित करता है कि उसकी पत्नी उससे न्यायिकतः पृथक कर दी गई या उस सम्प्रदाय की, जिसकी वह है, रूढ़िजन्य विधि के अधीन वह भरण-पोषण की हकदार नहीं रह गई है, तो उन विषयों की बाबत जिनसे इन नियमों का सम्बन्ध है, वह उसके पश्चात् और आगे तब तक अंशदायक के कुटुम्ब का सदस्य नहीं समझी जाएगी जब तक कि अंशदायक तत्पश्चात् लिखित रूप से लेखा अधिकारी को यह प्रज्ञापित न कर दे कि उसे परिवार का सदस्य समझा जाता रहे ,

(2) नारी अंशदायक की दशा में, नारी अंशदायक का पति और सन्तान तथा नारी अंशदायक के मृतक पुत्र या पुत्रों की विधवा या विधवाएं और सन्तान अभिप्रेत हैं ,

परन्तु उस दशा में जब कोई नारी अंशदायक अपने कुटुम्ब से अपने पति को अपवर्जित करने का अपना आशय लिखित रूप में लेखा अधिकारी को अधिसूचित करती है तो उन विषयों की बाबत जिनसे इन नियमों का संबंध है, उसके पश्चात् नारी अंशदायक के पति को तब तक नारी अंशदायक के कुटुम्ब का सदस्य नहीं समझा जाएगा, जब तक कि नारी अंशदायक तत्पश्चात्लिखित रूप में ऐसी सूचना को रद्द न कर दे ।

स्पष्टीकरण.—इस खण्ड में 'सन्तान' से धर्मज सन्तान अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत जहां अंशदायक को शासित करने वाली स्वीय विधि द्वारा दत्तक ग्रहण मान्य है, दत्तक सन्तान, आती है ।

(च) "निधि" से कर्मचारी राज्य बीमा निगम साधारण भविष्य निधि, अभिप्रेत है ,

(छ) "छुट्टी" से कर्मचारी राज्य बीमा निगम (स्टाफ और सेवा की शर्तें) विनियम, 1959 द्वारा मान्य कोई छुट्टी अभिप्रेत है ;

(ज) "सेवा" से निगम के अधीन सेवा अभिप्रेत है ।

(झ) "वर्ष" से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है ।

(2) ऐसे शब्दों और पदों का, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं, किन्तु जिनका अधिनियम, भविष्य निधि अधिनियम, 1925, कर्मचारी राज्य बीमा (केन्द्रीय) निगम, 1950, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (स्टाफ और सेवा की शर्तें) विनियम, 1959 या मौलिक नियमों में यथास्थिति, क्रमशः समनुदेशित अर्थ होगा ।

निधि का गठन

3. **निधि का गठन**.—(1) निधि गठित की जाएगी और रुपयों में रखी जाएगी ।

(2) इन नियमों के अधीन निधि में संदत्त सभी राशियों को "कर्मचारी राज्य बीमा निगम साधारण भविष्य निधि" नामक निधि में जमा किया जाएगा । इन नियमों के अधीन राशियों के सन्देय होने के पश्चात् छह मास के भीतर यदि उनका सन्दाय न ले लिया गया हो तो वर्ष के अन्त में उन्हें निक्षेप खाते में अन्तरित कर दिया जाएगा और निक्षेपों के संबंधित सामान्य नियमों के अधीन माना जायेगा ।

(3) जहां कोई कर्मचारी पेंशन सम्बन्धी सुविधा के लिए विकल्प करता है वहां कर्मचारी राज्य बीमा निगम अभिदायी भविष्य निधि में, अंशदान में उसके हिस्से की रकम उस पर ब्याज सहित निधि में अन्तरित कर दी जायेगी और निगम के अभिदाय की राशि निगम में प्रतिवर्तित हो जाएगी ।

4. **लेखाअधिकारी द्वारा निधि का प्रवर्तन**.—निधि का प्रवर्तन लेखा अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो, इन नियमों के अधीन, किए जाने के लिए अपेक्षित सभी सन्दाय की व्यवस्था करने के लिए और इन नियमों के अनुसार निगम को समनुदेशित सभी बीमा पालिसियों को पुनः समनुदेशित करने के लिए एतद्द्वारा प्राधिकृत है ।

5. **विनिधान निधि का सारा धन**.—कर्मचारी राज्य बीमा (केन्द्रीय) निगम, 1950 में, कर्मचारी राज्य बीमा निधि के धन के विनिधान के लिए निर्धारित पद्धति से विनिहित किया जायेगा ।

6. **पात्रता की शर्तें** .—एक वर्ष की निरन्तर सेवा के पश्चात् पुनर्नियोजित पेंशन भोगियों से भिन्न सभी अस्थायी कर्मचारी और सभी स्थायी कर्मचारी निधि में अंशदान करेंगे ।

परन्तु कोई ऐसा कर्मचारी, जिससे/जिसे अभिदायी भविष्य निधि में अंशदान करने की अपेक्षा की गई है या अनुज्ञा दी गई है, निधि में अंशदायक के रूप में शामिल होने या बने रहने का पात्र तब तक नहीं होगा जब तक वह ऐसी अभिदायी भविष्य निधि में अंशदान करता है ;

परन्तु यह और भी कि ऐसे अस्थायी कर्मचारी, जिन्होंने 31 मार्च, 1960 के पूर्व एक वर्ष की निरन्तर सेवा पूरी कर ली है, निधि में 1 अप्रैल, 1960 से पूर्वतर किसी तारीख से अंशदान नहीं करेंगे ।

स्पष्टीकरण.—कोई अस्थायी कर्मचारी जो एक वर्ष की निरन्तर सेवा, मास के किसी दिन पूरी करता है, निधि में उसके पश्चात्वर्ती मास से अंशदान करेगा ।

नाम निर्देशन

7. नामनिर्देशन.—(1) निधि में सम्मिलित होने के समय प्रत्येक अंशदायक, लेखा अधिकारी को एक नामनिर्देशन भेजेगा जिसके द्वारा वह एक या अधिक व्यक्तियों को उस रकम को जो निधि में उसके नाम में जमा है, उस दशा में प्राप्त करने के लिए नाम निर्देशित करेगा जब उसकी मृत्यु, उस रकम के देय होने से पूर्व या देय हो जाने किन्तु संदत्त न किये जाने के पूर्व, हो जाए ।

परन्तु यदि नामनिर्देशन करने के समय अंशदाय का कोई कुटुम्ब है तो नाम निर्देशन उसके कुटुम्ब के सदस्यों से भिन्न किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में नहीं होगा

परन्तु यह और भी कि, किसी अन्य भविष्य निधि की बाबत अंशदायक द्वारा किया गया नामनिर्देशन, जिसमें अंशदायक, निधि में सम्मिलित होने से पूर्व अंशदान कर रहा था, यदि ऐसी अन्य निधि में उसके नाम में जमा रकम निधि में उसके नाम में अंतरित कर दी गई है तो उस नामनिर्देशन को तब तक इस नियम के अधीन सम्यक रूप से किया हुआ नामनिर्देशन समझा जाएगा जब तक वह इस नियम के अनुसार नामनिर्देशन नहीं कर देता ।

(2) यदि अंशदायक उपनियम (1) के अधीन, एक से अधिक व्यक्तियों को नामनिर्देशित करता है तो वह नामनिर्देशन में नामनिर्देशितियों में से प्रत्येक को देय रकम या अंश इस रीति से विनिर्दिष्ट करेगा जिससे कि वह सम्पूर्ण रकम जो निधि में किसी भी समय उसके नाम में जमा हो, उसके अंतर्गत आ जाएं ।

(3) हर नामनिर्देशन इन नियमों की प्रथम अनुसूची में उपवर्णित प्ररूपों में से किसी ऐसे एक प्ररूप में होगा जैसा कि प्रत्येक मामले में समुचित हो ।

(4) अंशदायक किसी भी समय लेखा अधिकारी को लिखित सूचना भेजकर नामनिर्देशन रद्द कर सकेगा ।

परन्तु अंशदायक ऐसी सूचना के साथ-साथ या पृथक रूप से इस नियम के उपबन्धों के अनुसार, एक नया नामनिर्देशन भेजेगा ।

(5) अंशदायक नामनिर्देशन में

(क) किसी विनिर्दिष्ट नामनिर्देशिता की बाबत यह उपबन्ध कर सकेगा कि अंशदायक से पहले उसकी मृत्यु हो जाने की दशा में उस नामनिर्देशित को प्रदान किया गया अधिकार ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को, जिन्हें नामनिर्देशन में विनिर्दिष्ट किया जाए, अन्तरित हो जाएगा :

परन्तु उस दशा में जब अंशदायक के कुटुम्ब का कोई सदस्य जीवित है तो ऐसा या ऐसे व्यक्ति उसके कुटुम्ब का या के सदस्य होना या होने चाहिए ;

परन्तु यह और भी कि यदि अंशदायक, इस खण्ड के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों को अधिकार प्रदान करता है तो वह ऐसे व्यक्तियों में से प्रत्येक को सन्देय रकम या अंश इस रीति से विनिर्दिष्ट करेगा जिससे कि वह सम्पूर्ण रकम जो नाम निर्देशिती को सन्देय है, कि उसके अन्तर्गत आ जाए ,

(ख) यह उपबन्ध कर सकेगा कि नामनिर्देशन, उसमें विनिर्दिष्ट किसी आकस्मिकता के घटित होने की दशा में, अविधिमान्य हो जाएगा :

परन्तु, यदि नामनिर्देशन करने के समय अंशदायक का कोई कुटुम्ब नहीं है तो वह नामनिर्देशन में यह उपबन्ध करेगा कि यदि तत्पश्चात् उसका कोई कुटुम्ब हो जाए तो ऐसा नामनिर्देशन अविधिमान्य हो जाएगा :

परन्तु, यह और कि यदि नामनिर्देशन करने के समय अंशदायक के कुटुम्ब में केवल एक सदस्य है तो वह नामनिर्देशन में उपबन्ध करेगा कि खण्ड (क) के अधीन अनुकल्पी नामनिर्देशित को प्रदान किया गया अधिकार अंशदायक के अपने कुटुम्ब में अन्य सदस्य या सदस्यों के हो जाने की दशा में भी अविधिमान्य हो जाएगा ।

(6) जैसे भी किसी ऐसी नामनिर्देशिती की मृत्यु हो जाये जिसकी बाबत नामनिर्देशन में उपनियम (5) के खण्ड (क) के अधीन कोई विशेष उपबन्ध नहीं किया गया है, या किसी ऐसी घटना के होने पर जिसके कारण उपनियम (5) के खण्ड (ख) के अनुसरण में नामनिर्देशन अविधिमान्य हो जाता है, अंशदायक लेखा अधिकारी को, नामनिर्देशन को रद्द करते हुए, एक लिखित सूचना, इस नियम के उपबन्धों के अनुसार एक नये नामनिर्देशन के साथ, भेजेगा ।

(7) अंशदायक द्वारा किया गया हर नामनिर्देशन और रद्द करण की बाबत दी गई हर सूचना, उस विस्तार तक जिस तक कि वह विधिमान्य है, उस तारीख को प्रभावी होगा या होगी जिसको वह लेखा अधिकारी को प्राप्त हो ।

अंशदायक के खाते

8. **अंशदायक का खाता**.—प्रत्येक अंशदायक के नाम में एक खाता खोला जायेगा और उसमें उसके अंशदानों की रकम, उस पर नियम 13 के उप-नियम (2) में विहित रूप से संगणित ब्याज सहित और साथ ही निधि से लिए गए उधार और प्रत्याहरणों को दिखाया जायेगा ।

अंशदानों की शर्तें और दरें

9. **अंशदानों की शर्तें और दरें**.—(1) प्रत्येक अंशदायक निलम्बन की अवधि के दौरान के सिवाय प्रतिमास, निधि में अंशदान करेगा ।

परन्तु यह और कि निलम्ब में व्यतीत की गई अवधि के पश्चात् पुनः सदस्थापित होने पर अंशदायक को उक्त अवधि की बाबत देय अंशदान की अधिकतम रकम से अनधिक कोई राशि एक मुश्त में या किस्तों में दे सकने की अनुज्ञा दी जायेगी :

परन्तु यह और भी कि अंशदायक, अपने विकल्पानुसार, छुट्टी (तीस दिन से कम अवधि की अर्जित छुट्टी से भिन्न) की किसी अवधि के दौरान अंशदान नहीं कर सकेगा ।

(2) अंशदायक छुट्टी के दौरान अंशदान न करने के अपने निश्चय की प्रज्ञापना निम्नलिखित रीति से करेगा, अर्थात:—

(क) यदि वह ऐसा अधिकारी है जो अपना वेतन बिल स्वयं बनाता है तो छुट्टी पर जाने के पश्चात् अपने प्रथम वेतन बिल में अंशदान के खाते में कोई कटौती न करके ;

(ख) यदि वह ऐसा अधिकारी नहीं जो अपना वेतन बिल स्वयं बनाता हो तो छुट्टी पर जाने से पूर्व कार्यालय के मुख्य को लिखित रूप से संसूचित करेगा । समुचित और सामयिक प्रज्ञापना न दिये जाने पर यह समझा जाएगा कि उसने अंशदान करने का निश्चय किया है ।

टिप्पणी—इस उपनियम के अधीन एक बार प्रज्ञापित अंशदायक का विकल्प अन्तिम होगा ।

(3) कोई अंशदायक, जिसने नियम 33 के अधीन निधि में अपने नाम में जमा रकम प्रत्याहृत कर लिया है, ऐसे प्रत्याहरण के पश्चात निधि में तब तक अंशदान नहीं करेगा जब तक वह कर्त्तव्य पर वापिस नहीं आ जाता ।

10. अंशदान की दरें.—(1) निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए, अंशदान की रकम अंशदायक द्वारा स्वयं नियत की जाएगी, अर्थात:—

(क) यह पूर्ण रुपयों में व्यक्त की जाएगी ।

(ख) इस प्रकार व्यक्त यह कोई राशि हो सकेगी जो उसकी उपलब्धियों के 6 प्रतिशत से न्यून नहीं होगा तथा उसकी कुल उपलब्धियों से अधिक नहीं होगी :

परन्तु किसी ऐसे अंशदायक की दशा में जो पहले से ही कर्मचारी राज्य बीमा निगम अभिदायी भविष्य निधि में 8-1/3 प्रतिशत की उच्चतर-दर से अंशदान कर रहा है और निधि के अधीन आने का विकल्प किया है तो इस प्रकार व्यक्त राशि उसकी कुल उपलब्धियों के 8-1/3 प्रतिशत से कम नहीं होगी :

परन्तु यह और भी कि वर्ग 4 के कर्मचारियों की दशा में, 75/- रु. से कम उपलब्धियां करने वालों की अंशदान की न्यूनतम दर प्रतिमास 4/- रु. होगी और अन्यों की दशा में प्रतिमास 5/- रु. होगी ।

(ग) जब कोई कर्मचारी, यथास्थिति, 6 प्रतिशत या 8-1/3 प्रतिशत की न्यूनतम दर से अंशदान करने का निश्चय करता है तो अंशदान को निकटतम पूर्ण रुपया तक पूर्णांकित कर दिया जायेगा और इस प्रयोजन के लिए 50 पैसा और उससे अधिक को अगले उच्चतर रुपया तक पूर्णांकित कर दिया जाएगा ।

(2) उप नियम (1) के प्रयोजन के लिए, किसी अंशदायक को उपलब्धियां

(क) किसी ऐसे अंशदायक की दशा में जो पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को सेवा में था, वे उपलब्धियां होंगी जिनका हकदार वह उस तारीख को था .

परन्तु :—

(1) यदि उक्त तारीख को अंशदायक छुट्टी पर था और ऐसी छुट्टी के दौरान अंशदान न करने का निश्चय किया है या उक्त तारीख को निलम्बनाधीन था, तो उसकी उपलब्धियां वे उपलब्धियां होंगी जिनका हकदार वह कर्त्तव्य पर वापस आने के पश्चात् प्रथम दिन को था ;

(2) यदि उक्त तारीख को अंशदायक, भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर था या उक्त तारीख को छुट्टी पर था और छुट्टी पर बना रहता है और ऐसा छुट्टी के दौरान अंशदान करने का निश्चय किया है तो उसकी उपलब्धियां वे उपलब्धियां होंगी जिनका हकदार वह तब होगा जब यथास्थिति, कर्त्तव्य पर रहा होता या भारत में कर्त्तव्य पर रहा होता,

(ख) किसी ऐसे अंशदायक की दशा में, जो पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को सेवा में नहीं था, वे उपलब्धियां होंगी जिनका हकदार वह उस दिन था जिस दिन निधि में शामिल हुआ ।

(3) अंशदायक प्रत्येक वर्ष में अपने मासिक अंशदान की रकम के नियतन की प्रज्ञापना निम्नलिखित रीति से देगा, अर्थात:—

(क) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को कर्त्तव्य पर था तो उस मास के अपने वेतन बिल से ऐसी कटौती करके जो इस निमित्त वह करता है या करवाता है;

(ख) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था और ऐसी छुट्टी के दौरान अंशदान न करने का निश्चय किया है या उस तारीख को निलम्बनाधीन था तो उसके कर्त्तव्य पर वापस आने के पश्चात् उसके प्रथम वेतन बिल से ऐसी कटौती करके जो इस निमित्त वह करता है या करवाता है;

(ग) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च की छुट्टी पर था और छुट्टी पर बना रहता है और ऐसी छुट्टी के दौरान अंशदान करने का निश्चय किया है तो उसकी उस मास के वेतन बिल से, जिसके दौरान निधि में वह शामिल होता है, ऐसी कटौती करके जो इस निमित्त वह करता है या करवाता है;

(घ) यदि वह वर्ष के दौरान प्रथम बार सेवा में प्रविष्ट हुआ है तो उस मास के उसके वेतन बिल से ऐसी कटौती करके जो इस निमित्त वह करता है या करवाता है;

(ङ) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष की 31 मार्च को, सरकार या किसी अन्य संगठन के अधीन किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर रहा हो तो चालू वर्ष के दौरान अप्रैल मास के अंशदान लेखा निगम की निधियों में उसके द्वारा जमा की गई रकम द्वारा ।

(4) इस प्रकार नियत की गई अंशदान की रकम, एक वर्ष के दौरान किसी समय एक ही बार घटाई या बढ़ाई जा सकेगी :

परन्तु इस प्रकार घटाई गई अंशदान की रकम, उप-नियम (1) में विहित न्यूनतम से कम नहीं होगी :

परन्तु यह और भी कि यदि कोई अंशदायक किसी मास के किसी भाग तक कर्तव्य पर हो और उस मास के शेष भाग के लिए छुट्टी पर हो और उसने छुट्टी के दौरान अंशदान न करने का निश्चय किया हो तो सन्देय अंशदान की रकम, मास में कर्तव्य पर बिताए गए दिनों की संख्या की अनुपातिक होगी ।

11. **सरकार या किसी अन्य संगठन के अधीन प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति.**—जब किसी अंशदायक को सरकार या किसी अन्य संगठन के अधीन किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरित कर दिया जाये या भेजा जाये या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाए तो वह उस रीति से निधि के नियमों के अधीन रहेगा मानो कि उसका स्थानान्तरण नहीं हुआ या उसे प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजा गया था ।

अंशदानों की वसूली

12. **अंशदानों की वसूली.**—(1) जहां उपलब्धियां कर्मचारी राज्य बीमा निधि से दी जाती हैं तो अंशदान की और निधि में से दिये गए उधार के मूल धन तथा ब्याज, यदि कोई हो, की वसूली उपलब्धियों में से सीधे ली जाएगी ।

(2) जब उपलब्धियां किसी अन्य स्त्रोत से दी जाती हैं, तब अंशदायक, अपने शोध्यों को लेखा अधिकारी को हर मास भेजेगा ।

(3) यदि कोई अंशदायक उस तारीख से जिसको निधि में शामिल होने की उससे अपेक्षा की गई है, अंशदान करने में असफल रहता है या नियम 9 में यथा उपबंधित से अन्य था किसी वर्ष के दौरान किसी मास या मासों में व्यतिक्रमी है तो अंशदान के बकाया लेखे निधि में देय कुल रकम उस पर नियम 13 में उपबंधित दर पर ब्याज सहित अंशदान द्वारा निधि में तत्काल संदत्त की जाएगी या व्यतिक्रम होने पर लेखा अधिकारी द्वारा अंशदायक की उपलब्धियों से, किस्तों में या अन्यथा जैसा ऐसे प्राधिकारी द्वारा निदेश दिया जाए जो ऐसे अग्रिम धन की स्वीकृति देने के लिए सक्षम हो जिसकी मंजूरी के लिए नियम 14 के उपनियम (2) के अधीन विशेष कारणों की अपेक्षा की जाती है, कटौती करके वसूल किए जाने का आदेश दिया जाएगा :

परन्तु उन अंशदायकों से, जिनके निधि में निक्षेपों पर कोई ब्याज नहीं मिलता, कोई ब्याज संदत्त करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी ।

ब्याज

13. **ब्याज.**—(1) उपनियम (5) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए निगम, अंशदायक के खाते में, ऐसी दर से ब्याज संदत्त करेगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार के सेवकों के लिए साधारण भविष्य निधि की बाबत प्रत्येक वर्ष के लिए अवधारित किया जाए ;

(2) ब्याज प्रत्येक वर्ष के अन्तिम दिन से निम्नलिखित पद्धति से जमा किया जाएगा, अर्थात् :—

(1) पूर्ववर्ती वर्ष के अन्तिम दिन अंशदायक के नाम में जमा रकम पर, उसमें से चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशियां कम करके, बारह मास का ब्याज ;

(2) चालू वर्ष के दौरान निकाली गई राशियों पर, चालू वर्ष के आरम्भ से उस मास के, जिसमें रकम निकाली गई हो, पूर्ववर्ती मास के अन्तिम दिन पर्यन्त ब्याज ;

(3) पूर्ववर्ती वर्ष के अन्तिम दिन के पश्चात् अंशदायक के खाते में जमा की गई कुल राशियों पर, जमा की तारीख से चालू वर्ष के अन्त तक ब्याज ;

(4) ब्याज की कुल रकम को निकटतम पूर्ण रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा, (पचास पैसे और उससे अधिक को अगला उच्चतर रुपया माना जायेगा) ;

परन्तु जब किसी अंशदायक के नाम में जमा रकम देय हो चुकी हो तब इस नियम के अधीन ब्याज केवल, यथास्थिति, चालू वर्ष के आरम्भ से या निक्षेप की तारीख से इस तारीख तक की अवधि की बाबत, जिसको अंशदायक के नाम में जमा रकम देय हुई हो, जमा किया जायेगा ।

(3) इस नियम में निक्षेप की तारीख, उपलब्धियों में से वसूली की दशा में, उस मास का प्रथम दिन मानी जाएगी जिस मास में वसूली की जाती है, और उस रकम की दशा में जो अंशदायक द्वारा भेजी जाती है, प्राप्ति के मास का प्रथम दिन समझी जायेगी यदि वह रकम लेखा अधिकारी को उस मास के पांचवें दिन से पूर्व प्राप्त हो जाये किन्तु यदि वह रकम उस मास के पांचवें दिन या उसके पश्चात् प्राप्त की जाती है तो अगले परवर्ती मास का प्रथम दिन मानी जायेगी : परन्तु यहां अंशदायक का वेतन या छुट्टी सम्बलम तथा भत्तों के लेने में देरी हुई हो और परिणाम स्वरूप निधि हेतु उसके अंशदाय की वसूली में देरी हुई हो, वहां ऐसे अंशदानों पर ब्याज, अंशदायक के उस महीने की वेतन अथवा छुट्टी सम्बलम में से जो नियमों के अधीन उसे देय था, बिना उस बात पर विचार किये कि वे वस्तुतः किसी महीने लिया गया, सन्देय होगा ।

(4) उस रकम के अतिरिक्त जो नियम 32, 33, या 34 के अधीन संदत्त की जाती हो, उस पर, ब्याज, जिस मास में सन्दाय किया जाये उस मास के पूर्ववर्ती मास के अन्त तक या जिस मास में रकम सन्देय हो जाए उस मास पश्चात् छठे मास के अन्त तक, इन अवधियों में से जो भी कम हो, उस व्यक्ति को देय होगा जिसे ऐसी रकम संदत्त की जाती है ;

परन्तु जहां लेखा अधिकारी ने उस व्यक्ति को या उसके अभिकर्ता को यह तारीख प्रज्ञापित कर दी है जिस पर वह नकद सन्दाय करने के लिए तैयार है, या उस दशा में जब उसने उस व्यक्ति को उस रकम का चेक डाक से भेज दिया हो, ब्याज, यथास्थिति, केवल ऐसे प्रज्ञापन की तारीख या चेक के डाक से भेजने की तारीख से पूर्ववर्ती मास के अंत तक सन्देय होगा ।

(5) यदि कोई अंशदायक लेखा अधिकारी को यह जानकारी देता है कि वह ब्याज नहीं चाहता है तो उसके नाम में ब्याज जमा नहीं किया जायेगा :

परन्तु यदि किसी ऐसे मामले में, यदि अंशदायक तत्पश्चात् ब्याज मांगे तो जिस वर्ष में वह ब्याज मांगे, उस वर्ष के प्रथम दिन से जमा कर दिया जायेगा :

(6) नियम 12 के उपनियम (3), नियम 15 के उपनियम (5) नियम 23 के उपनियम (2) नियम 25 के उपनियम (4), नियम 27 के उपनियम (1), नियम 28 के उपनियम (1) या (2), नियम 32 या नियम 33 के अधीन निधि में अंशदायक के नाम में प्रतिस्थापित की जाने वाली रकमों पर ब्याज ऐसी दरों पर संगणित किया जायेगा जो इस नियम के उपनियम (1) के अधीन अनुक्रमशः विहित की जायें और जहां तक हो सके इस नियम में वर्णित रीति से संगणित किया जायेगा ।

निधि से उधार

14. **निधि से उधार** .—(1) महा निदेशक या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, किसी अंशदायक को ऐसे उधार के संदाय की, जो पूर्ण रूपयों का हो और तीन मास के वेतन की रकम से, या निधि में उसके नाम में जमा रकम के आधे से अधिक न हो, इन दोनों में से जो भी कम हो, निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक प्रयोजन के लिए, मंजूरी दे सकेगा अर्थात् :—

(क) रुग्णता या निःशक्तता के बारे में व्ययों का सन्दाय करने के लिये जिसके अन्तर्गत जहां आवश्यक हो, अंशदायक या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति के यात्रा व्यय भी आते हैं ,

(ख) उच्च शिक्षा का खर्च वहन करने के लिए, जिसके अन्तर्गत, जहां आवश्यक हो, निम्नलिखित मामलों में, अंशदायक या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति के यात्रा व्यय भी आते हैं, अर्थात् :—

(1) हाई स्कूल प्रक्रम से ऊपर किसी शैक्षणिक, तकनीकी वृत्तिक या किसी व्यवसायिक पाठ्यक्रम की बाबत भारत के बाहर शिक्षा के लिए, तथा

(2) हाई स्कूल प्रक्रम से ऊपर भारत में किसी चिकित्सीय इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेषज्ञीय पाठ्यक्रम के लिए, परन्तु यह तब जब अध्ययन क्रम तीन वर्ष से अन्यून अवधि का हो ;

(ग) बाध्यकर व्ययों के ऐसे मापमान पर सन्दाय के लिए जो उस प्रास्थिति के लिए समुचित हो जिसके लिए, रूढ़िगत प्रथा के अनुसार, अंशदायक की स्वयं के या उसकी सन्तानों के या वस्तुतः उस पर आश्रित किसी अन्य व्यक्ति के विवाहों या अन्य उत्सवों के बारे में व्यय उपगत करना है :

परन्तु, वास्तविक आश्रय दर्शित करने की आवश्यकता तब नहीं होगी जब उधार —

(1) अंशदायक की पुत्री या पुत्र के विवाह के व्यय वहन करने के लिए लिया जाये या

(2) अंशदायक के माता-पिता में से किसी की अंत्येष्टि के व्ययों को वहन करने के लिये लिया जाये ,

(घ) अपने पदीय कर्त्तव्यों के निर्वहन में उसके द्वारा किये गये या किये गये तात्पर्यित किसी काम की बाबत उसके विरुद्ध किये गये अभिकथनों के बारे में अपनी स्थिति को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए अंशदायक द्वारा संस्थित विधि कार्यवाहियों का खर्च वहन करने के लिए, ऐसा उधार, ऐसे उधार के अतिरिक्त यदि कोई निगम से उस प्रयोजन के लिए अनुज्ञेय हो, उपलब्ध होगा ;

परन्तु इस उप-खण्ड के अधीन उधार किसी ऐसे अंशदायक को अनुज्ञेय नहीं होगा जो किसी न्यायालय में या तो अपने पदीयकर्त्तव्यों से सम्बन्ध न रखने वाले किसी मामले की बाबत या संघ की किसी शर्त या निगम द्वारा उस पर अधिरोपित किसी शास्ति की बाबत निगम के विरुद्ध विधि कार्यवाहियां संस्थित करता है ;

(ङ) जहां अंशदायक को निगम द्वारा किसी न्यायालय में अभियोजित किया गया है या जहां अंशदायक द्वारा किया गया अभिकथित किसी पदीय अवचार की बाबत किसी जांच में स्वयं की प्रतिरक्षा के लिए वह किसी विधिव्यवसायी को नियुक्त करता है तो अपने प्रतिरक्षा का खर्च वहन करने के लिए।

(2) लिखित रूप से लिपिबद्ध किये जाने वाले विशेष कारणों के सिवाये, किसी अंशदायक, को, कोई उधार, नियम (1) में अभिकथित सीमा के आधिक्य में, या जब तक किसी पूर्ववर्ती उधार की अन्तिम किस्त का प्रतिसन्दाय न कर दिया गया हो, महा-निदेशक की पूर्तिक मंजूरी के बिना मंजूर नहीं किया जाएगा।

टिप्पण :—इस नियम के प्रयोजन के लिए, वेतन के अन्तर्गत, जहां अनुज्ञेय हो, मंहगाई वेतन भी आता है।

15. उधारों **की वसूली.**—(1) अंशदायक से कोई उधार इतनी समान मासिक किस्तों में वसूल किया जायेगा जैसा मंजूरकर्त्ता प्राधिकारी निदेश दे ; किन्तु जब तक अंशदायक अन्यथा निश्चय न करे, ऐसी संख्या बारह से न्यून नहीं होगी तथा किसी भी दशा में चौबीस से अनधिक होगी। विशेष दशाओं में जहां नियम 14 के उपनियम (2) के अधीन, उधार, तीन मास के वेतन के आधिक्य में मंजूर किया गया है वहां मंजूर कर्त्ता प्राधिकारी किस्तों की ऐसी संख्या नियत कर सकेगा जो चौबीस से अधिक होगी। किन्तु छत्तीस से अधिक नहीं होगी। कोई अंशदायक, अपने विकल्प पर, एक मास में एक से अधिक किस्त प्रतिसंदत्त कर सकेगा। प्रत्येक किस्त पूर्ण रुपयों में नियत की जायेगी, ऐसे नियतन की अनुकूलता के लिए उधार की रकम बढ़ाई या घटाई जा सकेगी।

(2) उधारों की वसूली, अंशदान के आपन के लिए नियम 12 में विनिर्दिष्ट रीति से की जाएगी, और जिस मास में उधार लिया गया था उसके पश्चात्वर्ती मास का वेतन देने के साथ प्रारंभ होगी। वसूली, अंशदायक की सम्मति के सिवाए, जब वह जीवन-निर्वाह अनुदान पा रहा हो या छुट्टी (औसत वेतन पर छुट्टी से भिन्न या तीस दिन से कम अवधि की अर्जित छुट्टी) पर हो, नहीं की जायेगी। अंशदायक की लिखित प्रार्थना पर वसूली, अंशादायक को अनुदत्त अग्रिम वेतन की वसूली के दौरान मंजूर-कर्त्ता प्राधिकारी द्वारा स्थापित की जा सकेगी।

(3) यदि किसी अंशदायक को एक से अधिक उधार दिया गया है तो वसूली के प्रयोजन के लिए प्रत्येक उधार को पृथक-पृथक समझा जायेगा।

(4) (क) उधार के मूल को पूर्णतः प्रतिसंदत्त करने के पश्चात्, मूल के लेने और उसके पूर्ण प्रतिसंदाय के बीच की अवधि के दौरान प्रत्येक मास या उसके किसी प्रभाग के लिये मूल के 1/5 प्रतिशत की दर से उस पर ब्याज संदत्त किया जायेगा :

परन्तु ऐसे अंशदायक जिनके निधि के निक्षेपों पर कोई ब्याज नहीं मिलता उनसे, निधि से उन्हें संदत्त उधारों पर ब्याज मद्दे कि न्हीं अतिरिक्त किस्तों की निधि में संदाय करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

(ख) ब्याज सामान्यतः मूल के पूर्ण प्रतिसंदाय के पश्चात मास में एक किस्त में वसूल किया जाएगा ; किन्तु यदि उप-नियम (1) में निर्दिष्ट अवधि बीस मास से अधिक हो तो ब्याज, यदि अंशदायक ऐसी वांछा करे, दो समान मासिक किस्तों में वसूल किया जा सकेगा। वसूली की पद्धति, उप-नियम (2) में यथा उपबंधित

होगी । संदायों को, नियम 13 के उप-नियम (2) के खण्ड (4) में विनिर्दिष्ट रीति से निकटतम रुपये में पूर्णांकित कर लिया जायेगा ।

(5) यदि किसी अंशदायक को कोई उधार मंजूर किया गया है और उसने उसे प्रत्याहृत कर लिया है और तत्पश्चात् प्रतिसंदाय पूरा होने से पहले ही उधार को रद्द कर दिया जाता है तो प्रत्याहृत रकम का सम्पूर्ण या बाकी नियम 13 में उपबंधित दर पर ब्याज सहित अंशदायक द्वारा निधि में तत्काल प्रतिसंदत्त किया जायेगा, या व्यतिक्रम करने पर लेखा अधिकारी, अंशदायक की उपलब्धियों से, एक मुश्त या मासिक किस्तों में जो, लेखा अधिकारी द्वारा ऐसा निदेश दिया जाये, बारह से अधिक नहीं होंगी, कटौती करके वसूल करने का आदेश देगा ।

परन्तु ऐसे अंशदायक जिनके निधि के निक्षेपों पर कोई ब्याज नहीं मिलता है, उनसे ब्याज संदत्त करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी ।

(6) इस नियम के अधीन की गई वसूलियां अंशदायक के खाते में निधि में जमा की जायेंगी ।

16. **उधार का संदोष उपयोग.**—इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी यदि मंजूरकर्ता प्राधिकारी का यह समाधान हो जाये कि नियम 14 के अधीन निधि से उधार के रूप में लिया गया धन ऐसे प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किया गया है जो उस प्रयोजन से भिन्न है जिसके लिए उधार मंजूर किया गया था तो इस प्रकार ली गई रकम, नियम 13 में उपबंधित दर पर ब्याज सहित, अंशदायक द्वारा निधि को तत्काल प्रतिसंदत्त की जायेगी, या व्यतिक्रम होने पर, अंशदायक की उपलब्धियों से, यदि वह छुट्टी पर हो तब भी, एक किस्त में कटौती करके उसे वसूल करने का आदेश दिया जाएगा । यदि इस प्रकार प्रतिसंदत्त की जाने वाली कुल रकम अंशदायक की उपलब्धियों के आधे से अधिक हो तो वसूलियां ऐसी मासिक किस्तों में, जो उसकी उपलब्धियों के आधे के बराबर हो तब तक की जाएंगी जब तक सम्पूर्ण रकम उसके द्वारा प्रतिसंदत्त न कर दी जाये ।

टिप्पण :— इस नियम में "उपलब्धियां" पद के अन्तर्गत जीवन निर्वाह अनुदान नहीं है ।

निधि से प्रत्याहरण

17. **निधि से प्रत्याहरण.**—(1) उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, किसी अंशदायक के सेवा (जिसके अन्तर्गत सेवा की भंग अवधि भी सम्मिलित है, यदि कोई हो) के पचीस वर्ष पूरा हो जाने के पश्चात किसी समय या अधिवर्षिता पर उसकी सेवा-निवृत्ति की तारीख से पूर्व पांच वर्ष के भीतर, इन दोनों में से जो भी हो पूर्वतर हो नियम 14 के उप-नियम (2) के अधीन विशेष कारणों से उधार मंजूर करने में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निधि में उसके नाम में जमा रकम से प्रत्याहरण, निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक या उससे अधिक के लिए मंजूर किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) उच्च शिक्षा का खर्च वहन करने के लिए जिसके अन्तर्गत, जहां आवश्यक हो, अंशदायक की किसी सन्तान के यात्रा व्यय के लिए निम्न मामलों में अर्थात् :—

(1) हाई स्कूल प्रक्रम के ऊपर किसी शैक्षणिक, तकनीकी वृत्तिक या व्यावसायिक पाठ्यक्रम की खातिर भारत के बाहर शिक्षा के लिए, तथा

(2) हाई स्कूल प्रक्रम के ऊपर, भारत के बाहर किसी चिकित्सीय, इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेष-ज्ञीय पाठ्यक्रम के लिए, परन्तु यह तब जब अध्ययन क्रम तीन वर्ष से अन्यून अवधि का हो ,

(ख) अंशदायक के पुत्रों या पुत्रियों के या किसी अन्य स्त्री नातेदार के, जो उसके ऊपर आश्रित हो, विवाह के सम्बन्ध में व्यय वहन करने के लिए ;

(ग) रुग्णता के बारे में खर्च वहन करने के लिए जिसके अन्तर्गत, जहां आवश्यक हो, अंशदायक के या उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति के यात्रा व्यय भी आते हैं ,

(घ) अपने निवास के लिए कोई उपयुक्त गृह का निर्माण करने या अर्जन करने जिसके अन्तर्गत स्थल का खर्च या प्रत्याहरण के लिए आवेदन की प्राप्ति की तारीख से पूर्व किन्तु उस तारीख से बारह मास से पूर्वतर नहीं, इस प्रयोजन के लिए अभिव्यक्त रूप से लिये गये ऋण लेखे किसी बकाया रकम का प्रतिसंदाय करने, पुनः सन्निर्माण करने, या पहले से ही अंशदायक के स्वामित्व में, या उसके द्वारा अर्जित किसी गृह में कुछ और जोड़ने या परिवर्तन करने का खर्च भी आता है ;

(ङ) किसी गृह-स्थल का क्रय करने या प्रत्याहरण के लिए आवेदन की प्राप्ति की तारीख से पूर्व किन्तु उस तारीख से बारह मास से पूर्वतर नहीं, इस प्रयोजन के लिए अभिव्यक्त रूप से लिए गए ऋण लेखे किसी बकाया रकम का प्रतिसन्दाय करने के लिए ,

(च) किसी क्रीत स्थल पर गृह सन्निर्माण के लिए, खण्ड (ङ) के अधीन प्रत्याहृत राशि का उपयोग करना :

परन्तु कोई अंशदायक, जिसने निगम से गृह निर्माण के प्रयोजन के लिए, गृह-निर्माण उधार नियम के अधीन उधार लिया है, या जिसे इस सम्बन्ध में किसी सरकारी स्रोत से सहायता की अनुज्ञा दी गई है, पूर्वोक्त स्रोत से लिए गये किसी ऋण के प्रतिसंदाय के अभिव्यक्त प्रयोजन के सिवाय, खण्ड (घ), (ङ) और (च) के अधीन अन्तिम प्रत्याहरण की मंजूरी का पात्र नहीं होगा ।

(2) निधि से वास्तविक प्रत्याहरण केवल, लेखा अधिकारी से प्राधिकरण की प्राप्ति पर ही किया जायेगा जो मंजूरकर्त्ता प्राधिकारी की औपचारिक मंजूरी होने पर उसकी व्यवस्था करेगा ।

18. **प्रत्याहरण की शर्तें.**—(1) किसी अंशदायक द्वारा, निधि में उसके नाम में जमा रकम से, नियम 17 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी एक या अधिक के लिए किसी एक समय प्रत्याहृत कोई राशि, सामान्यतः ऐसी रकम के आधे से या छः मास के वेतन से, दोनों में से, जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी । तथापि मंजूरकर्ता प्राधिकारी, इस सीमा के आधिक्य में रकम के प्रत्याहरण की मंजूरी दे सकेगा परन्तु निम्नलिखित बातों अर्थात् :—

(1) उद्देश्य जिसके लिए प्रत्याहरण किया जा रहा है ;

(2) अंशदायक की प्रास्थिति, और

(3) निधि में उसके नाम में जमा रकम का ध्यान रखते हुए निधि में उसके नाम में जमा रकम के तीन चौथाई तक की मंजूरी दे सकेगा ।

(2) कोई अंशदायक जिसे नियम 17 के अधीन निधि से धन प्रत्याहृत करने की अनुज्ञा दी गई है, किसी मंजूरकर्ता प्राधिकारी को, ऐसी युक्तियुक्त अवधि के भीतर जैसी उस प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये, यह समाधान करेगा कि धन का प्रयोग उसी

प्रयोजन के लिए किया गया है जिसके लिए वह प्रत्याहृत किया गया था यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो इस प्रकार प्रत्याहृत सम्पूर्ण राशि या उसका उतना अंश जिसका प्रयोग उस प्रयोजन के लिए नहीं किया गया है जिसके लिए वह प्रत्याहृत किया गया था, अंशदायक द्वारा तत्स्थान निधि को, नियम 13 के अधीन अवधारित दर पर उस रकम पर ब्याज सहित एक मुश्त राशि प्रतिसंदत्त की जायेगी और ऐसे सन्दाय में त्रुटि करने पर उसकी उपलब्धियों से या तो एक-मुश्त या इतनी मासिक किस्तों में वसूल किया जायेगा जितनी महा-निदेशक द्वारा अवधारित की जायेगी ।

(3) उप-नियम (2) की कोई बात यह अपेक्षा करने वाली नहीं समझी जायेगी कि अंशदायक, जिसके निधि के निक्षेपों पर कोई ब्याज नहीं मिलता, उस उप-नियम के अधीन प्रतिसन्देय किसी राशि पर कोई ब्याज संदत्त करे ।

19. **किस्ती उधार का प्रत्याहरण में संपरिवर्तन.**—कोई भी अंशदायक, जिसने नियम 17 के उप-नियम (1) के खण्ड (क), (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिए नियम 14 के अधीन पहले ही उधार ले लिया है या जो भविष्य में उधार ले, स्वविवेकानुसार, मंजूरकर्त्ता प्राधिकारी के माध्यम से, लेखा अधिकारी को संबोधित लिखित प्रार्थना द्वारा उसके सामने बकाया अतिशेष को अन्तिम प्रत्याहरण में संपरिवर्तित कर सकेगा यदि नियम 17 और 18 में अधिकथित शर्तों का समाधान हो गया है ?

20. **बीमा पालिसियों का संदाय.**—नियम 21 से 30 तक में अन्तर्विष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, निधि में अंशदायक के नाम में जमा अंशदान की रकम उस पर ब्याज सहित—

(1) जीवन बीमा की किसी पालिसी के सन्दाय, या

(2) एकल सन्दाय बीमा पालिसी के क्रय, के लिए प्रत्याहृत की जा सकेगी :

परन्तु ऐसा कोई प्रत्याहरण .—

(क) लेखा अधिकारी को प्रस्थापित पालिसी के ब्यौरे पेश किये जाने और उसे यथोचित रूप में स्वीकार किये जाने के पूर्व, या

(ख) प्रत्याहरण के लिए दावे के आवेदन या प्रस्तुतीकरण से तीन मास से अधिक पूर्व किये गये किसी सन्दाय या क्रय को पूरा करने के लिए, या

(ग) प्रत्याहरण के लिए दावे के आवेदन या प्रस्तुतीकरण की तारीख के तीन मास के भीतर सन्दाय के लिए वस्तुतः देय प्रीमियम देने के लिए अपेक्षित रकम के अधिशेष में, नहीं किया जायेगा :

परन्तु यह और कि शैक्षिक विन्यास पालिसी की बाबत, यदि वह पालिसी, अंशदायक की सामान्य अधिवर्षता की आयु के पूर्व पूर्णतः या भागतः सन्दाय के लिए शोध्य हो, किसी सन्दाय या क्रय के लिए कोई भी रकम प्रत्याहृत नहीं की जा सकेगी :

परन्तु यह और भी कि प्रत्याहृत रकम निकटतम पूर्ण रूपये तक पूर्णांकित कर दी जायेगी ।

21. **पालिसियों की संख्या जो निधि से फिर पोषित की जा सकती हैं .**—(1) पालिसियों की संख्या, जिनकी बाबत नियम 20 के अधीन, निधि से अंशदान के प्रत्याहरण की अनुज्ञा दी जा सकेगी, चार से अधिक नहीं होगी ।

(2) किसी पालिसी के लिए प्रीमियम, जिसकी बाबत नियम 20 के अधीन निधि से अंशदान के प्रत्याहरण की अनुज्ञा दी जा सकेगी, वार्षिक से अन्यथा सन्देय नहीं होगी ।

स्पष्टीकरण :—उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट पालिसियों की अधिकतम संख्या की संगणना करने में ऐसी पालिसियां जो परिपक्व हो गई हैं या जो अंश समावर्त्त पालिसियों में संपरिवर्तित कर दी गई हैं, अपवर्जित कर दी जायेंगी ।

22. **न्यूनतम अंशदानों का सन्दाय.**—यदि कोई अंशदायक, निधि में अपने नाम में जमा किसी रकम का, नियम 20 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी के लिए प्रत्याहरण करता है तो वह, नियम 10 के अधीन सन्देय अंशदान निधि को संदत्त करता रहेगा ।

23. **नियम 20 के अधीन रकमों का प्रत्याहरण.**—(1) कोई अंशदायक जो नियम 20 के अधीन कोई रकम प्रत्याहृत करने की वांछा करे—

(क) पत्र द्वारा लेखा अधिकारी को प्रत्याहरण की प्रज्ञापना देगा ;

(ख) प्रत्याहरण के लिए लेखा अधिकारी से व्यवस्था करेगा ;

(ग) लेखा अधिकारी को, ऐसी अवधि के भीतर जैसी लेखा अधिकारी अपेक्षा करे, उसका यह समाधान करने के लिए कि प्रत्याहृत रकम का प्रयोग नियम 20 में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए सम्यक् रूप से किया गया, रसीदें या रसीदों की प्रमाणित प्रतियां भेजेगा ।

(2) लेखा अधिकारी किसी प्रत्याहृत रकम की, जिसकी बाबत, उप-नियम (1) के खण्ड (ग) के अधीन अपेक्षित रीति से उसका समाधान नहीं हुआ है, नियम 13 में उपबंधित दर से उस पर ब्याज सहित, अंशदायक की उपलब्धियों से, वसूली का आदेश देगा और इसे निधि में अंशदायक के नाम में जमा कर देगा ।

24. **नियम अंशदायक की ओर से बीमाकर्त्ता को संदाय नहीं करेगा .**—(1) निगम अंशदायक की ओर से बीमाकर्त्ता को कोई संदाय नहीं करेगा और न किसी जीवन बीमा पालिसी को चालू रखने के लिए कोई कदम उठायेगा ।

(2) इन नियमों के अधीन ग्राह्य पालिसी ऐसी पालिसी होनी चाहिए जो अंशदायक ने स्वयं अपने जीवन के सम्बन्ध में ली हो, (सिवाय उस पालिसी के जो किसी पुरूष अंशदायक ने अपनी पत्नी या सन्तान या उनमें से किसी के फायदे के लिए पालिसी पर स्पष्टतः ऐसा उल्लेख कर के ली हो) ऐसी पालिसी होनी चाहिये जो अंशदायक द्वारा निगम को विधितः समनुदेशित की जा सकेगी ।

स्पष्टीकरण.—1. अंशदायक और अंशदायक की पत्नी या पति के संयुक्त जीवन सम्बन्ध में ली गई पालिसी इस नियम के प्रयोजन के लिए अंशदायक के जीवन के सम्बन्ध में ली गई पालिसी समझी जायेगी ।

स्पष्टीकरण.—2. वह पालिसी जो अंशदायक की पत्नी के नाम में समनुदेशित की गई है तब तक ग्रहण नहीं की जायेगी जब तक कि वह पालिसी या तो पहले अंशदायक को समनुदेशित न कर दी जाये या अंशदायक और उसकी पत्नी, दोनों समुचित समनुदेशन में सम्मिलित नहीं हो जायें ।

(3) अंशदायक की पत्नी या पति और सन्तान या उनमें से किसी से अन्यथा किसी हिताधिकारी के फायदे के लिए पालिसी नहीं कराई जा सकेगी ।

25. **पालिसियों का समनुदेशन.**—(1) किसी पालिसी की बाबत निधि में से प्रथम रकम निकालने के 6 मास के भीतर या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जैसी कि लेखा अधिकारी द्वारा, उस दशा में जब पूर्वता प्रमाणपत्रों (अंतरिम रसीद) के पेश किये जाने से उसका समाधान हो जाये, नियत की जाये, हर पालिसी,—

(क) सिवाय उस पालिसी के जो किसी पुरुष अंशदायक ने अपनी पत्नी, या पति और सन्तान या उनमें से किसी के फायदे के लिए पालिसी पर स्पष्टतः ऐसा उल्लेख करके, ली हो, ऐसी राशि के सन्दाय के लिए प्रतिभूति के रूप में जो नियम 29 के अधीन निधि में सन्दाय हो जाये, निगम की समनुदेशित कर दी जायेगी और लेखा-अधिकारी को परिदत्त की जायेगी । समनुदेशन इन नियमों की द्वितीय अनुसूची के प्ररूप 1 या प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में पालिसी पर पृष्ठांकन करके इस बात के अनुसार किया जायेगा कि पालिसी अंशदायक के जीवन के सम्बन्ध में है या अंशदायक तथा उसकी पत्नी या पति के संयुक्त जीवन के सम्बन्ध में है या पालिसी अंशदायक की पत्नी को पहले ही समनुदेशित की जा चुकी हो ।

(ख) यदि पालिसी किसी पुरुष अंशदायक द्वारा अंशदायक की पत्नी और सन्तान या उनमें से किसी के फायदे के लिए, पालिसी पर स्पष्टतः ऐसा उल्लेख कर के ली गई हो तो वह लेखा अधिकारी को परिदत्त की जायेगी ।

(2) जब भी संभव हो लेखा अधिकारी बीमाकर्ता को निदेश कर के यह समाधान कर लेगा कि पालिसी का कोई पूर्व समनुदेशन विद्यमान नहीं है ।

(3) जब कोई पालिसी एक बार लेखा अधिकारी द्वारा निधि से वित्त घोषित किये जाने के प्रयोजन के लिए प्रतिगृहीत कर ली जाये तब लेखा अधिकारी की पूर्व संमति के बिना, जिसे परिवर्तन या नयी पालिसी के विवरण प्रस्तुत किये जायेंगे, न तो उसके निबन्धनों में कोई परिवर्तन किया जायेगा और न ही पालिसी का किसी अन्य पालिसी से विनिमय किया जायेगा ।

(4) यदि उक्त 6 मास की अवधि के भीतर या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो लेखा अधिकारी ने उप-नियम (1) के अधीन नियत की हो, पालिसी समनुदेशित तथा परिदत्त न की जाये तो पालिसी की बाबत निधि से निकाली गई कोई रकम नियम 13 में उपबन्धित दर से उस पर ब्याज सहित अंशदायक द्वारा निधि को अविलम्ब प्रतिसंदत्त की जायेगी या व्यतिक्रम की दशा में, लेखा अधिकारी द्वारा अंशदायक की उपलब्धियों में से किस्तों में या अन्यथा, जैसा कि लेखा अधिकारी निर्देश करे, कटौती, कर के वसूल करने के आदेश दिये जा सकेंगे ।

(5) पालिसी के समनुदेशन की सूचना अंशदायक द्वारा बीमाकर्ता को दी जाएगी और बीमाकर्ता द्वारा सूचना की अभिस्वीकृति समनुदेशन की तारीख से 3 मास के भीतर लेखा अधिकारी को भेज दी जाएगी ।

26. **पालिसियों पर बोनस.**—अंशदायक पालिसी के चालू रहने के दौरान ऐसा कोई बोनस नहीं निकालेगा जिसका पालिसी के निबन्धनों के अधीन ऐसी चालू अवस्था के दौरान निकाला जाना वैकल्पिक हो, और किसी ऐसे बोनस की रकम, जिसे, पालिसी के निबन्धनों के अधीन, पालिसी की चालू अवस्था के दौरान निकालने से विरत रहने के लिए अंशदायक को कोई विकल्प नहीं है, अंशदायक द्वारा अविलम्ब निधि में संदत्त की जायेगी या व्यतिक्रम की दशा में लेखा अधिकारी जैसा निर्देश करे उसकी उपलब्धियों में से किस्तों में या अन्यथा कटौती कर के वसूल की जाएगी ।

27. **पालिसियों का पुनर्समनुदेशन.**—(1) नियम 30 के द्वारा यथा उपबंधित के सिवाय, जब कोई अंशदायक—

(क) सेवा छोड़े , या

(ख) निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर चला जाए और लेखा अधिकारी को पालिसी के पुनर्समनुदेशन या वापसी के लिए आवेदन करे , या

(ग) छुट्टी पर रहते हुए ही उसे निवृत्त होने की अनुज्ञा दे दी जाए या सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाये वह लेखा अधिकारी को पालिसी के पुनर्समनुदेशन या वापसी के लिए आवेदन करे , अथवा

(घ) नियम 20 में वर्णित प्रयोजनों में से किसी के लिए निधि से निकाली गई किसी भी सम्पूर्ण रकम को, नियम 13 में उपबंधित दर पर उस पर ब्याज सहित, निधि में संदत्त कर दे , तो लेखा अधिकारी :—

(1) यदि पालिसी निगम को नियम 25 के अधीन समनुदेशित की जा चुकी है तो पालिसी को इन नियमों की तीसरी अनुसूची के प्ररूप 1 में, यथास्थिति, अंशदायक को, अथवा अंशदायक तथा संयुक्त बीमाकृत को, पुनर्समनुदेशित करेगा, और उसे, बीमाकर्ता को संबोधित पुनर्समनुदेशित की हस्ताक्षरित सूचना के साथ, अंशदायक को सौंप देगा ;

(2) यदि नियम 25 के उपनियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन पालिसी उसे परिदत्त की जा चुकी है तो, पालिसी अंशदायक को सौंप देगा :

परन्तु यदि अंशदायक, निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर चले जाने के पश्चात् या छुट्टी पर रहते हुए, निवृत्त होने की अनुज्ञा दिए जाने पर या सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे की सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिये जाने के पश्चात् कर्तव्य पर वापस आ जाए तो इस प्रकार समनुदेशित या सौंपी गई कोई पालिसी, यदि वह परिपक्व नहीं हुई हो या समनुदेशित या प्रभारित या किसी प्रकार से भारग्रस्त न कर दी गई हो तो नियम 25 में उपबंधित रीति से, यथास्थिति, पुनः निगम को समनुदेशित और लेखा अधिकारी को परिदत्त की जाएगी या लेखा अधिकारी को पुनः परिदत्त की जाएगी, तथा तद्पुरि इन नियमों के उपबंध यावत्शक्य उस पालिसी की बाबत पुनः लागू होंगे :

परन्तु यह और कि यदि पालिसी परिपक्व हो चुकी है या समनुदेशित या प्रभारित या किसी अन्य प्रकार से प्रभार भारग्रस्त की जा चुकी हो तो नियम 25 के उपनियम (4) के उपबंध ऐसे लागू होंगे मानो पालिसी के समनुदेशन में और परिदत्त करने में, असफलता हुई हो ।

(2) नियम 30 द्वारा यथा उपबंधित के सिवाय, यदि किसी अंशदायक की मृत्यु सेवा छोड़ने से पहले हो जाए तो, लेखा अधिकारी :—

(1) यदि पालिसी नियम 25 के अधीन निगम को समनुदेशित की जा चुकी है तो पालिसी को इन नियमों की तृतीय अनुसूची के प्ररूप-2 में ऐसे व्यक्ति को पुनर्समनुदेशित

करेगा जो उसे विधिकतया प्राप्त करने का हकदार है, तथा बीमाकर्ता को संबंधित पूर्व समनुदेशन की हस्ताक्षरित सूचना सहित उसे पालिसी को ऐसे व्यक्ति को सौंप देगा ,

(2) यदि नियम 25 के उपनियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन उसे पालिसी परिदत्त की जा चुकी है तो हिताधिकारी को, यदि कोई हो या यदि कोई हिताधिकारी न हो तो, ऐसे व्यक्ति को जो उसे विधिकतया प्राप्त करने का हकदार हो, सौंप देगा ।

28. **पालिसियों के परिपक्व होने की दशा में प्रक्रिया.**—(1) यदि नियम 25 के अधीन निगम को समनुदेशित पालिसी अंशदायक के सेवा छोड़ने से पूर्व परिपक्व हो जाती है या यदि उक्त नियमों के अधीन समनुदेशित कोई ऐसी पालिसी जो अंशदायक तथा अंशदायक की पत्नी या पति के संयुक्त जीवन के संबंध में हो, अंशदायक की पत्नी या पति की मृत्यु के कारण संदाय देय हो जाने से असफल हो जाती है, तो लेखा अधिकारी नियम 30 में यथाउपबंधित के सिवाय, निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएगा :—

(1) यदि बीमा की रकम और उस पर उद्भूत किन्हीं बोनसों की रकम, उस पालिसी की बाबत निधि में से निकाली गई सम्पूर्ण रकम नियम 13 में उपबंधित दर से उस पर ब्याज सहित रकम से अधिक हो तो लेखा अधिकारी, पालिसी नियमों की चतुर्थ अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररूप में यथास्थित, अंशदायक को या अंशदायक तथा संयुक्त बीमाकृत को पुनर्समनुदेशित करेगा और उसे अंशदायक को सौंप देगा जो बीमाकर्ता से पालिसी की रकम के प्राप्त होते ही अविलम्ब निकाली गई कुल रकम को ब्याज सहित निधि में प्रतिसंदत्त करेगा, तथा व्यक्ति कम की दशा में नियम 31 के उपबंध वैसे ही लागू होंगे जैसे वे ऐसे मामलों के सम्बन्ध में लागू होते हैं जिनमें, नियम 20 के अधीन निधि से प्रत्याहृत रकम ऐसे प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए उपयोग में लाई गई है जिसके लिए प्रत्याहरण की मंजूरी दी गई थी ।

(2) यदि बीमा की रकम और उस पर उद्भूत किन्हीं बोनसों की रकम निधि में से निकाली गई ब्याज सहित सम्पूर्ण रकम से कम हो तो लेखा अधिकारी बीमा की रकम, उस पर उद्भूत बोनसों सहित वसूल करेगा और इस प्रकार से वसूल की गई रकम निधि में अंशदायक के जमा खाते में डाल देगा ।

(2) नियम 30 में यहां उपबंधित के सिवाय, यदि नियम 25 के उपनियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन लेखा अधिकारी को परिदत्त की गई कोई पालिसी अंशदायक के सेवा छोड़ने से पहले परिपक्व हो जाती है तो लेखा अधिकारी पालिसी को अंशदायक को सौंप देगा :

परन्तु उस दशा में जब उस पालिसी में अंशदायक की पत्नी, या पत्नी तथा सन्तान का हित, या उनमें से किसी का हित, जैसा कि पालिसी के ऊपर विनिर्दिष्ट हो, पालिसी के परिपक्व होने के समय अवसित हो गया हो तो अंशदायक, यदि बीमा का धन बीमाकर्ता द्वारा उसे संदत्त किया जाये तो, उसके प्राप्त होते ही, अविलम्ब :—

(1) या तो पालिसी की बाबत निधि में से निकाली हुई सम्पूर्ण रकम, नियम 13 में उपबंधित दर से उस पर ब्याज सहित, अथवा

(2) बीमा की रकम के बराबर रकम और उस पर उद्भूत बोनस, दोनों में से जो भी कम हो, निधि में प्रतिसंदत्त करेगा तथा व्यतिक्रम की दशा में नियम 31 के उपबन्ध, वैसे ही लागू होंगे जैसे वे ऐसे मामलों के संबंध में लागू होते हैं जिनमें, नियम 20 के अधीन निधि से प्रत्याहृत रकम ऐसे प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए उपयोग में लाई गई है जिसके लिए प्रत्याहरण की मंजूरी दी गई थी ।

29. **पालिसियों का व्यपगत होना या संदाय समनुदेशन.**—यदि कोई पालिसी व्यपगत हो जाती है, या नियम 25 के अधीन निगम से भिन्न किसी अन्य को समनुदेशित की जाती है, प्रभारित या भार ग्रस्त कर दी जाती है, तो नियम 25 के उप-नियम (4) के उपबन्ध, जो किसी पालिसी के समनुदेशन में या परिवर्त्त करने में असफल रहने की दशा में लागू होते हैं, लागू होंगे ।

30. पालिसियों के समनुदेशित, प्रभारित या भारग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने की दशा में लेखा अधिकारी का कर्तव्य—यदि लेखा अधिकारी को,—

(क) समनुदेशन (नियम 25 के अधीन निगम से भिन्न किसी अन्य को समनुदेशन), या

(ख) प्रभारण या भारग्रस्त होने, अथवा

(ग) किसी पालिसी या उस पर वसूल की गई किसी रकम के संव्यवहार पर रोक लगाने सम्बन्धी न्यायालय के किसी आदेश, की सूचना प्राप्त हो तो वह लेखा अधिकारी—

(1) जैसा कि नियम 27 में उपबन्धित है, पालिसी का पुनर्समनुदेशन नहीं करेगा या उसे नहीं सौंपेगा, या

(2) जैसा कि नियम 28 में उपबन्धित है, पालिसी के अन्तर्गत बीमा की रकम को वसूल नहीं करेगा या पालिसी का पुनर्समनुदेशन नहीं करेगा, या उसे नहीं सौंपेगा,

किन्तु उस मामले को तत्काल ही निगम की स्थायी समिति को निर्दिष्ट करेगा ।

